

# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 127

ग्वालियर, रविवार, 27 जून, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## कानपुर पहुंचे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, राज्यपाल पटेल और सीएम योगी ने किया स्वागत



**कानपुर (ए)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द शुक्रवार शाम विशेष प्रेसिडेंशियल ट्रेन से अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर कानपुर पहुंचे। राष्ट्रपति कोविंद को लेकर आई विशेष रेलगाड़ी के कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंचते ही उनका भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कानपुर नगर आगमन पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। रेलवे के मुताबिक राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शुक्रवार को शाम 8:05 बजे विशेष प्रासिडेशियल ट्रेन से कानपुर पहुंचे।

उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डा शिवम शर्मा के मुताबिक, राष्ट्रपति के दिल्ली से उनके पैतृक गांव जाने के लिए विशेष रेलगाड़ी चलाई गई। राष्ट्रपति शाम छह बजे झींझक स्टेशन पहुंचे जहां उनका स्वागत महाप्रबंधक एनसीआर वीके त्रिपाठी ने किया। स्टेशन पर राष्ट्रपति ने अपने पुराने मित्रों और करीबी परिचितों से मुलाकात की। शाम 6:41 बजे ट्रेन झींझक से रवाना हुई और शाम 6:56 बजे रूरा स्टेशन पहुंची, जहां राष्ट्रपति ने आगंतुकों से मुलाकात की। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ट्रेन यात्रा के दौरान सुनीत शर्मा, सीईओ और सीआरबी रेलवे बोर्ड उनके साथ उपस्थित रहे। कानपुर आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति कोविंद कानपुर देहात जिले में अपने पैतृक गांव परौंख का दौरा करेंगे। वह रविवार को परौंख गांव में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। 28 जून को वह विशेष रेलगाड़ी से लखनऊ जाएंगे। राष्ट्रपति शुक्रवार दोपहर को कानपुर के लिए दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन में सवार हुए थे। बयान के अनुसार राष्ट्रपति की पहली ट्रेन यात्रा के दौरान उनके स्वागत के लिए मार्ग के स्टेशनों को सजाया गया था। कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने बताया कि विशेष ट्रेन कानपुर देहात के झिंझक और रूरा स्टेशनों पर रुकी, जहां राष्ट्रपति ने अपने करीबी और पुराने परिचितों से बातचीत की। इन स्टेशनों पर राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया गया। इससे पहले राष्ट्रपति भवन ने कहा था कि ट्रेन में सवार होने के साथ ही राष्ट्रपति अपनी पुरानी स्मृतियों को ताजा करेंगे, जिनमें उनके बचपन से लेकर देश के शीर्ष संवैधानिक पद तक पहुंचने तक का सात दशक का जीवनकाल शामिल होगा। उल्लेखनीय है कि 15 साल के अंतराल के बाद कोई मौजूदा राष्ट्रपति ट्रेन से यात्रा कर रहा हैं।

## पटरी से उतरी दिल्ली-गोवा राजधानी




**रत्नागिरी (ए)।** आज सुबह दिल्ली-गोवा राजधानी ट्रेन से एक बड़ा हादसा होते होते बचा। हजरत निजामुद्दीन-मडगांव जंक्शन राजधानी सुपरफास्ट स्पेशल (दिल्ली-गोवा राजधानी एक्सप्रेस) आज सुबह चार बजकर 15 मिनट पर महाराष्ट्र के रत्नागिरी में पटरी से उतर गई। कोंकन रेलवे के मुख्य पीआरओ ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ट्रेन का आगे का पहिया पटरी से उतर गया। इस हादसे में किसी को चोट लगने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने जानकारी दी कि सुरंग से एक छोटा बोल्डर ट्रेन के पहिए से टकराया। हालांकि सुबह आठ बजकर 18 मिनट पर रेलवे ट्रेक को ठीक कर दिया गया, जिसके बाद पौने नौ बजे के आस-पास ट्रेन वहां से रवाना हो गई।

कोंकण रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 02414 मडगांव जा रही थी, वह तभी तड़के करीब सवा चार बजे मुंबई से करीब 325 किलोमीटर दूर करबुडे सुरंग में पटरी से उतर गई। एक बड़ा पत्थर पटरियों पर गिर गया था, जिसके कारण ट्रेन पटरी से उतरी। कोंकण रेलवे के रत्नागिरी क्षेत्र में उक्षी और भोके स्टेशन के बीच स्थित करबुडे सुरंग में राजधानी सुपरफास्ट ट्रेन के लोकोमोटिव का अगला पहिया पटरी से उत्तर गया।'' दुर्घटनास्थल पर एक रेल रखरखाव वाहन (आरएमवी) पहुंच गया है और ट्रेन को फिर से पटरी पर लाने के उपकरण के साथ एक दुर्घटना राहत चिकित्सा वैन (एआरएमवी) रत्नागिरी से दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। कोंकण रेलवे के अधिकारी भी लाइन को साफ करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मुंबई (महाराष्ट्र) के पास रोहा और मैंगलोर (कर्नाटक) के पास थोकुर के बीच 756 किलोमीटर लंबे मार्ग पर रेल संचालन की जिम्मेदारी कोंकण रेलवे संभालती है। यह मार्ग तीन राज्यों - महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक में फैला हुआ है और इस मार्ग में कई नदियां, घाटियां और पहाड़ पड़ते हैं, जिसके कारण यह चुनौतीपूर्ण इलाकों में से एक है।

## सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए कर रही है कार्य : गृह मंत्री डॉ. मिश्रा

### दतिया में 15 लाख की लागत के सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण



**भोपाल।** केन्द्र एवं राज्य सरकारें वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर सभी वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की स्मृति को चिर-स्थाई बनाने के लिए नागपुर, महु, दिल्ली एवं लंदन आदि को पंचतीर्थ बनाया है। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा शनिवार को दतिया में सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्री ने इस मौके पर भगवान बुद्ध और डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दतिया में 15 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन से समाज के लोगों को सामाजिक एवं वैवाहिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इस भवन की काफी दिनों से आवश्यकता महसूस की जा रही थी जो आज पूर्ण हो गई है। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों ने अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के लिए अनेक योजनायें एवं कार्यक्रम संचालित कर इन वर्गो के लोगों को लाभान्वित कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया।

## किसान आंदोलन के दौरान आईएसआई कर सकती है हिंसा भड़काने की साजिश



**नई दिल्ली (ए)।** कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे किसान आंदोलन को सात महीने पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालने का ऐलान किया है। दिल्ली में ट्रैक्टर रैली के बीच खुफिया एजेंसियों ने दिल्ली पुलिस के साथ ही अन्य एजेंसियों को अलर्ट किया कि पाकिस्तान स्थित आईएसआई से जुड़े लोग किसान आंदोलन के बहाने गड़बड़ी फैला सकते हैं। खुफिया एजेंसियों ने दिल्ली पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को अलर्ट किया है, इसकी वजह है कि पाकिस्तान स्थित इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) किसान आंदोलन के दौरान गड़बड़ी फैलाने की साजिश रच रहा है। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, आईएसआई किसानों को भड़काकर हिंसा फैलाने की कोशिश भी कर सकती है और आंदोलन में अपने लोगों को शामिल कराकर भी गड़बड़ी पैदा कर सकती है। दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को इससे संबंधित एक पत्र भेजा गया है। पत्र मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से कुछ मेट्रो स्टेशनों को कुछ घंटों के लिए बंद रखा गया है। एहतियात के तौर पर और कानून-व्यवस्था की स्थिति में किसी भी तरह की गड़बड़ी से बचने के लिए, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने शनिवार को तीन मेट्रो स्टेशनों-विश्वविद्यालय, सिविल लाइंस और विधानसभा को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रखने का फैसला किया है।

## रक्षामंत्री राजनाथ ने कोच्चि में प्रथम स्वदेशी विमानवाहक पोत के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की



**नई दिल्ली (ए)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कोच्चि में मेसर्स कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित प्रथम स्वदेशी विमानवाहक पोत (आईएसी) के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। राजनाथ सिंह के साथ नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह और फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ, दक्षिणी नौसेना कमान वाइस एडमिरल ए के चावला भी थे। रक्षामंत्री ने निर्माण स्थल का दौरा किया और उनको नवंबर 2020 के दौरान पूरा किए सफल बेसिन ट्रायल्स के बारे में जानकारी दी गई। तब से कई अन्य नौवहन, संचार और परिचालन प्रणालियों के एकीकरण पर हासिल की गई प्रगति के बारे में भी उन्हें बताया गया, क्योंकि इससे ही स्वदेशी विमानवाहक पोत के प्रथम कांट्रेक्टर सी ट्रायल्स (सीएसटी) की तैयारी होती है जिनका आगामी महीनों में होना अपेक्षित है।

स्वदेशी विमानवाहक पोत को 2022 की पहली छमाही में आईएनएस विक्रांत के रूप में नौसेना में कमीशन किया जाएगा, जो समुद्र में सबसे शक्तिशाली परिसंपत्ति होगी। यह जहाज मिग-29के लड़ाकू विमान, कामोव-31 एयर अर्ली वार्निंग हेलीकॉप्टरों का संचालन करेगा, जल्द ही एमएच-60आर बहु-भूमिका हेलीकाप्टर और स्वदेश निर्मित उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। यह लंबी दूरी पर वायु शक्ति को प्रोजेक्ट करने की क्षमता के साथ एक अतुलनीय सैन्य उपकरण होगा जिसमें वायु निषेध, एन्टी सरफेस वारफेयर, आक्रामक और रक्षात्मक काउंटर-एयर, एयरबोर्न एंटी-सबमरीन वारफेयर एवं एयरबोर्न अर्ली वार्निंग शामिल हैं। यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री के लिए भारतीय नौसेना के विभिन्न जारी नवाचारों, स्वदेशीकरण और सहयोगों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। प्रमुख प्रदर्शनों में ऑक्सीजन रीसाइक्लिंग सिस्टम (ओआरएस) शामिल था।

## वन क्षेत्रों में पानी एवं चारे की उपलब्धता बढ़ाने को मदद मिलेगी: मंत्री जावडेकर

**नई दिल्ली (ए)।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने आभासी माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में 10 राज्यों-असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, नगालैंड और त्रिपुरा- में वन क्षेत्रों के लीडार आधारित सर्वेक्षण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जारी की। मंत्री जावडेकर ने कहा कि यह परियोजना, जिसेभारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के तहत वापकोस नाम के एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को सौंपी गई है, अपनी तरह का पहला और अनूठा प्रयोग है।इसमें लीडार तकनीक का उपयोग किया है, जो वन क्षेत्रों में पानी और चारे की उपलब्धता बढ़ाने में मदद करेगा और इस क्रम में मानव एवं पशुओं के बीच के संघर्ष को कम करेगा, भूजल को फिर से भरने में मदद करेगा और स्थानीय समुदायों

## किसान आंदोलन को 7 माह पूरे, टिकैत ने कहा, सरकार जब चाहे बात कर सकती हैं



**नई दिल्ली (ए)।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का आंदोलन पिछले सात महीने से जारी है। शनिवार को किसान आंदोलन के 7 महीने पूरे हो रहे हैं। आंदोलन के 7 महीने पूरे होने पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि मोदी सरकार जब चाहे तब बातचीत की शुरुआत कर सकती है, परंतु हमारा आंदोलन जारी रहेगा। टिकैत ने कहा कि आंदोलन को आज 7 महीने पूरे हो गए हैं, दो दिन से दिल्ली में काफी लोग आ रहे हैं। सरकार जब चाहे बातचीत शुरू कर सकती है, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। महीने में दो बार लोग यहां बड़ी संख्या में ट्रैक्टर के साथ आएंगे। इस बार सहारनपुर और मुजफ्फरनगर से ट्रैक्टर आए हैं। इसके पहले कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा था कि किसान यूनियन के नेताओं से भारत सरकार 10-11 बार बात कर चुकी है। 50 घंटे से अधिक चर्चा चली है। सरकार ने उनकी परेशानियों के समझने का प्रयत्न किया है। आज भी भारत सरकार पूरा मन रखती है कि जिस प्रावधान पर उन्हें आपत्ति है, वे खुले मन से बताएं। तोमर ने कहा कि हम विचार और निराकरण करने के लिए तैयार हैं।

## शासकीय राशन दुकानों का बदलेगा रंग, स्थान भी होगा तय

**भोपाल। प्रदेश की शिवराज सरकार सरकारी उचित मूल्य की राशन दुकानों का अब रंग बदलने जा रही है, साथ ही इन दुकानों का स्थान भी तय किया जाएगा। इतना ही नहीं, अब दुकानों में सरकार की प्रमुख योजनाओं का नाम भी दर्ज होगा। राज्य सरकार राशन दुकानों का स्वरूप जल्द ही बदलेगी।**



### दुकानों में सरकार की प्रमुख योजनाओं का नाम भी दर्ज होगा

प्रदेश में शासकीय उचित मूल्य की अधिकांश दुकानें प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां चलाती हैं। इन समितियों का मुख्य कार्य किसानों से जुड़ा है। इसलिए तय किया गया है कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान का नाम ऐसा रखा जाएगा जिसमें किसान भी शामिल हों। साथ ही इनके लिए अलग से एक निश्चित स्थान सुनिश्चित किया जाएगा। इतना ही नहीं, इन दुकानों का रंग भी एक जैसा होगा। इन दुकानों में सरकार की प्रमुख योजनाओं का नाम भी दर्ज होगा। गौरतलब है कि प्रदेश में 25 हजार 209 उचित मूल्य की दुकानें हैं। इनके माध्यम से लगभग एक करोड़ 11 लाख परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत रियायती दरों पर राशन दिलाया जाता है। कोरोना संकट के कारण केंद्र और राज्य सरकार उपभोक्ताओं को निःशुल्क खाद्यान्न् दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर तक निश?शुल्क खाद्यान्न् देने का एलान किया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग इसके हिसाब से तैयारियां कर रहा है। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लगभग 16 हजार सहकारी समितियां, साढ़े चार हजार उपभोक्ता सहकारी भंडार और डेढ़ सौ वनोपज समितियां दुकानों का संचालन कर रही हैं। स्व-सहायता समूह और निजी क्षेत्र को भी दुकानें संचालित करने के लिए दी गई हैं। मालूम हो ?कि पिछले दिनों सहकारिता मंत्री डॉ.अरविंद सिंह भदौरिया और खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने अधिकारियों के साथ उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से बंटने वाले खाद्यान्न् की व्यवस्था को लेकर बैठक की थी।

## खास खबर

### धनशोधन मामले में देशमुख के दो सहायक गिरफ्तार

**नई दिल्ली (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 100 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में उनके दो सहायकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत करीब नौ घंटे की पूछताछ के बाद देशमुख के निजी सचिव संजीव पलांडे और निजी सहायक कुंदन शिंदे को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसी के मुंबई में बलार्ड इस्टेट स्थित कार्यालय में हुई पूछताछ के दौरान दोनों व्यक्ति सहयोग नहीं कर रहे थे।

### राहुल गांधी बोले- हम सत्याग्रही अन्नदाता के साथ

**नई दिल्ली(ए)।** केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ किसान संगठनों का आंदोलन पिछले सात महीने से जारी है। किसानों की मांग है कि तीनों कृषि कानूनों को वापस लिया जाए और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून बनाया जाए। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बयान में कहा कि सीधी-सीधी बात है हम सत्याग्रही अन्नदाता के साथ हैं। आंदोलन के सात महीने पूरे होने पर किसानों की तादाद एक बार फिर से सड़कों पर बढ़ गई है। भारतीय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बताया था कि 25 लाख किसान और 4 लाख ट्रैक्टर आंदोलन के लिए तैयार हैं। किसान नेता राजेश सिंह चौहान ने बताया कि एक साल से देश में अघोषित आपातकाल लगा है इसके विरोध में हम आज राज्यपाल के जरिए राष्ट्रपति जी को ज्ञापन सौंपेंगे क्योंकि किसानों का गेहूं मंडियों में सड़ रहा है। गौरतलब है कि किसानों के आंदोलन को देखते हुए सरकार ने सुरक्षा बढ़ा दी है। किसान आज देशभर में कृषि कानूनों के खिलाफ राज्यपालों को ज्ञापन सौपेंगे।

### सेना प्रमुख ने शिमला में सेना के प्रशिक्षण कमान का दौरा किया

**नई दिल्ली (ए)।** सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने 25 को शिमला स्थित आर्मी ट्रेनिंग कमांड (आर-ट्रैक) का दौरा किया। उन्हें सामरिक सैन्य भविष्य, सैद्धांतिक सुधार, सैन्य अभियान संबंधी चुनौतियां एवं तैयारी, प्रौद्योगिकी समावेश और प्रशिक्षण सहित कई विषयों से अवगत कराया गया। सेना प्रमुख को थल सेना की प्रभाव क्षमता बढ़ाने के लिए की गई कई पहल और मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए पेशेवर सैन्य शिक्षा (पीएमई) को कहीं अधिक समकालिक बनाने को लेकर उठाये गये कदमों के बारे में बताया गया। जनरल नरवणे ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से भी मुलाकात की और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की। इसके बाद में सेना प्रमुख और आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्लूडब्लूए) अध्यक्ष ने मुलाकात की और सिपाही अंकुश के निकट परिजन को सेना मेडल (मरणोपरांत) से सम्मानित किया। जून 2020 में उत्तरी सीमा पर गलवान गतिरोध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने को लेकर उन्हें सेना पदक से सम्मानित किया गया।

### बीजेपी की पूर्व पार्षद की सरेआम हत्या

**बेंगलुरु (ए)।** बेंगलुरु महानगर पालिका बीबीएमपी की पूर्व पार्षद और भाजपा नेता की सरेआम चाकू मारकर हत्या कर दी गई। गुरुवार को सुबह अपने कार्यालय के बाहर गरीबों के लिए मुफ्त नाश्ता वितरित करने के कुछ ही मिनटों बाद दो बार की पूर्व पार्षद रेखा कादिरेश (45) को दो लोगों ने कम से कम 17 बार चाकू मारा। चलवाडिपल्या (कपासपेट) की रहने वाली रेखा कादिरेश की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों और सीसीटीवी फुटेज सहित डिजिटल सबूतों के आधार पर हमलावरों की पहचान पीटर और सूर्या के रूप में की है। पुलिस को पता चला कि एक अन्य संदिग्ध स्टीफन ने पीटर और सूर्या की मदद की। हत्या सुबह करीब साढ़े दस बजे रेखा के फ्लावर गार्डन स्थित कार्यालय के बाहर हुई। कार्यालय के पास ही रहने वाली रेखा सुबह साढ़े नौ बजे वहां पहुंची । वहां उन्होनों गरीबों के बीच नाश्ता बांटा और घर लौटने के लिए अपने कार्यालय से बाहर निकली जब पीटर और सूर्य ने उसे रोका और चाकू से हमला कर दिया। रेखा परिवार में एक बेटा और बेटी हैं। रेखा के पति एस। कादिरेश की फरवरी 2018 में हत्या कर दी गई थी। एस। कादिरेश पर हत्या और जबरन वसूली सहित कई मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार, कादिरेश की पीटर के साथ रंजिश थी। तब बीएस येदियुरप्पा सहित राज्य बीजेपी के नेताओं ने इस मामले को उठाया था और इसको लेकर जेडी (एस) के विधायक पर आरोप भी लगाए थे। वहीं, रेखा की हत्या के बाद कांग्रेस के नेताओं ने कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं।

# नग्न साधु को ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग दौरान रोकने पर सिपाही में मारे पत्थर मामला दर्ज



शिवपुरी। शहर के गुना बायपास पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान नग्न हालात में बाबा आ गया। महिला ट्रैफिक पुलिस अधिकारी का लिहाज रखकर ट्रैफिक सिपाही ने बाबा को आने से रोक दिया। इसी बात से बाबा नाराज हो गया और पत्थर मारने शुरू कर दिए। कान के नीचे पत्थर लगने से सिपाही घायल हो गया। गुना बायपास पर शुक्रवार को दिन में 11 बजे ट्रैफिक वाहनों की चैकिंग चल रही थी। इसी दौरान बाबा को आते देख ट्रैफिक सिपाही सोमवीर जाट ने टोक दिया। महिला पुलिस अधिकारी की वजह से सिपाही ने आने से मना किया तो बाबा नाराज



हो गया। बाबा को गुस्से में देख सिपाही दूर हटने लगा और फिर बाबा ने पत्थर उठाकर हमला कर दिया। एक पत्थर दाएं हाथ, दूसरा बायं हाथ और तीसरा कान के नीचे लगा। अस्पताल में इलाज के दौरान सिपाही को दो टांके आए हैं।

### गिरफ्तार करने ले बाद जमानत दी और बांकड़े हनुमान मंदिर जी पर छोड़ा

ट्रैफिक सिपाही ने घटना की रिपोर्ट देहात थाना पुलिस में दर्ज कराई है। मारपीट सहित शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने बाबा को गिरफ्तार कर लिया। बाद में जमानत देकर बांकड़े हनुमान मंदिर पर छुड़वा दिया।

# स्व बृजमोहन उपाध्याय की स्मृति में सुभाषपुरा में लगा वैक्सीनेशन कैंप,1 बजे ही खत्म हो गए 200 डोज

शिवपुरी। स्व मेहते हरनारायण पटेल की प्रेरणा से आयोजित स्व बृजमोहन,स्व पार्वती उपाध्याय वेक्सिनेशन शिविर सुभाषपुरा में आयोजित किया गया। इस शिविर में 200 डोज का लक्ष्य रखा गया जो दोपहर एक बजे तक खत्म हो गया। उसके बाद वेक्सिन से वंचित ग्रामवासियों वेक्सिन के प्रति उत्साह देख प्रशासनिक अमले ने वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर सोमवार को भी शिविर आयोजित करने का आश्वासन ग्रामवासियों को दिया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व वेक्सीनेटेड वरिष्ठ महिला श्रीमती विमला सिकरवार द्वारा आज के शिविर में सबसे पहिले वेक्सिन हेतु आई गांव की सबसे बुजुर्ग 70 वर्षीय महिला श्रीमती केशर बाई धाकड़ को पुष्पहार से स्वागत कर शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर आयोजक पबन उपाध्याय ,विवेक उपाध्याय ने शिविर में महिलाओं और युवाओं की बड़चड़ कर हिस्सेदारी को वेक्सिन अभियान के लिए शुभ संकेत निरूपित कर हर आदमी को वेक्सिन लगवाकर पारिवारिक ,राष्ट हित में व्यापक नैतिक जिम्मेदारियों के निर्वहन करने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में उपाध्याय परिवार के वरिष्ठ सदस्य भरत शर्मा ने शिविर की सफलता का श्रेय जागरूक ग्रामवासियों को देते हुए प्रशासनिक अमले शिक्षक बी एल ओ ,पटवारी ,पंचायत सचिव महिला बाल विकास सुपरवाइजर,आंगन बाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग की भूरि भूरि प्रशंसा कर ग्रामीण युवा टीम और तरुण लाला के विशेष सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया और वेक्सिन से वंचित लोगो के लिए एक और शिविर लगाने हेतु जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से निवेदन किया तद्नानुसार सोमवार को पुनः शिविर आयोजन का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया है।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में हुआ 75 यूनिट रक्तदान

शिवपुरी। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आज शनिवार को एडीआर भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला न्यायाधीश श्री विनोद कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुल 75 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में मानव सेवा समिति भारत विकास परिषद, संकल्प संस्था, चाइल्ड लाइन, न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण,



अधिवक्तागण, सामाजिक कार्यकर्ता, एन.जी.ओ. तथा समाज के अन्य नागरिकों द्वारा स्वेच्छा से बढ़-चढकर हिस्सा लिया गया एवं रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश चंदेल एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राधाकृष्ण मालवीय, सप्तम जिला न्यायाधीश श्री मनोहरलाल पाटीदार, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री पवन कुमार शंखवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री उमेश भगवती, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री नेहा सावनेर, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री पूजा वर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा एवं अन्य न्यायाधीशगण ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री विनोद कुमार ने कहा कि ''परहित सरिस धर्म नाहिं'' तथा रक्तदान को मानव सेवा के लिए एक पुण्य कार्य बताया।

## दून पब्लिक स्कूल:रजिष्ट्रेशन फीस माफ, एडमिशन फीस में भारी डिस्काउंट के साथ एडमिशन शुरू

शिवपुरी। शिवपुरी का ब्रांड स्कूल दून पब्लिक स्कूल में नए एडमिशन के रजिस्ट्रेशन की फीस माफ कर दी गई हैं साथ मे एडमिशन फीस में भारी डिस्काउंट के साथ स्कूल में एडमिशन शुरू हो गए है। जैसा कि विदित हैं कि शिक्षा की दृष्टिकोण से विगत सत्र काफी निराशा पूर्ण गया है ।नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के सभी बच्चे स्कूल में जाने से वंचित रह गए। परंतु जुलाई सत्र को लेकर बच्चों में उत्साह है कि शीघ्र ही स्कूल खुलेंगे और वो फिर से अपने दोस्तों के साथ पढ़ने जाएंगे। नवीन सत्र में देश के प्रतिष्ठित दून पब्लिक स्कूल नई दिल्ली की शिवपुरी ब्रांच में भी प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। कोरोना संकट के कारण नागरिकों की आजीविका पर भी असर पड़ा है जिसे ध्यान में रखते हुए दून पब्लिक स्कूल शिवपुरी द्वारा भी फीस में विशेष छूट दी गई है। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के किसी भी क्लास में प्रवेश लेने पर रजिस्ट्रेशन फीस को जीरो कर दिया गया है वहीं एडमिशन फीस भी नाम मात्र की ली जा रही है ।हर माता-पिता अपने बच्चों को एक अच्छे स्कूल में पढ़ाने का सपना देखता है ऐसे में दून पब्लिक स्कूल शिवपुरी द्वारा दी गई छूट से निश्चित ही पालक राहत महसूस करेंगे।दून पब्लिक स्कूल की संचालिका डॉक्टर खुशी खान ने जानकारी देते हुए बताया कि बताया कि वर्तमान में कोरोन संकट के कारण हर कोई प्रभावित हुआ है ऐसे में दून पब्लिक स्कूल कम फीस में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। दून स्कूल जिले का एकमात्र स्कूल है जहां बच्चों को बेहतर एजुकेशन देने के लिए मोंटेसरी लैब, स्टेम लैब,मैथ्स लैब ,लैंग्वेज लैब ,डांस एंड म्यूजिक स्टूडियो ,जंगल कब जैसी उच्च सुविधाओं के साथ विशाल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करता है जहां पर पढ़ कर निश्चित रूप से छात्रों के साथ पालक भी गौरव महसूस करेंगे । डॉ खुशी खान ने पालकों से इस छूट का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब बच्चों को भी निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।




## संक्षिप्त समाचार

### पार्क में अश्लील हरकत करने से रोका तो प्रेमी ने माली को लात घुसे बरसाए

शिवपुरी। शहर के गांधी पार्क के सामने तिकोनिया पार्क में एक प्रेमी अश्लील हरकत कर रहा था। जिसपर मौजूद लोगों ने आपत्ति जताते हुए माली को सूचित किया जहाँ माली ने उक्त प्रेमी को टोका तो प्रेमी झगड़ने लगा और अपने दोस्तों को बुलवाकर माली की मारपीट कर दी। प्रेमी गांधी पार्क के सामने बने तिकोनिया पार्क में गुरुवार की शाम अश्लील हरकत कर रहा था। जिसे वहाँ घुमने वाले दूसरे लोगों ने यह देख माली पार्क के माली को सूचित किया जिस पर माली विशाल जाटव ने जाकर प्रेमी से कहा कि यहां अश्लील हरकत ना करें, करना हैं तो कहीं और चले जाएं। इसी बात से प्रेमी नाराज हो गया और विवाद करने लगा। जहाँ प्रेमी ने अपने दोस्तों को बुलाकर माली विशाल जाटव की मारपीट कर दी। माली विशाल ने कोतवाली थाने में आवेदन दिया है। जिस पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शिवपुरी के अधिकांश सेंटरों पर वैक्सीन खत्म, लोग इधर से उधर भटकते देखे गए

शिवपुरी। मध्य प्रदेश सरकार के कोरोना के चलते चलाए जा रहे महा टीकाकरण अभियान के तहत शिवपुरी जिले में भी बड़े स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को शिवपुरी के अधिकांश सेंटरों पर दोपहर में ही वैक्सीन खत्म हो गई। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर संजय ऋषिस्वर के अनुसार शनिवार के लिए शिवपुरी जिले को 15000 वैक्सीन मिली थी जो की दोपहर तक लग गई, इस वजह से दोपहर बाद वैक्सीन नहीं लग पाई, अब सोमवार को इस महा टीकाकरण अभियान के तहत फिर वैक्सीन उपलब्ध होंगी तब लगवाई जाएंगी।




### लालच का दंडः 300 समोसे धरे रह गए, 25 हजार नगदी सहित बाईक भी उडा ले गया ठग

शिवपुरी। खबर जिले के पोहरी अंतर्गत आने वाले बैराड नगर पंचायत की है। जहाँ ठग ने दुकानदारो को बडे आर्डर का लालच दिया और ठगी कर ले गया। अब एक होटल संचालक और किराना व्यापारी सोच रहे होगें की लालच बुरी बला हैं। बैराड में एक शातिर ठग ने एक होटल संचालक और एक किराना व्यापारी को चूना लगा दिया। बताया जा रहा हैं कि एक अज्ञात ठग शुक्रवार को सबसे पहले माता रोड पर छोटू बाथम समोसा वाले के यहां पहुंचा। यहां उसने 300 समोसा बनाने का आर्डर दिया और कहा कि तुम्हारी बाइक दे दो, मैं और सामान लेकर आता हूं। समोसे का ब?ा ऑर्डर मिलने के लालच में आकर छोटू ने अपनी बाइक अज्ञात ठग को दे दी, लेकिन बाइक लेकर ग्राहक कहीं भाग ना जाए, इसलिए अपना नौकर भेज दिया। बाइक पर नौकर को बिठाकर ठग ठाकुर बाबा रोड पर श्रीराम गुप्ता किराना एवं जनरल स्टोर पर पहुंचा। यहां ठग ने चार कट्टे चावल, दाल, शक्कर आदि चीजों का थोक आर्डर दे दिया। ऑर्डर लिखने के बाद दुकानदार से बोला कि मैं अभी आधे घंटे में आता हूं। मुझे 25 हजार के खुल्ले दे दो, लेबर को देना है अभी आकर आपका पूरा हिसाब करता हूं। दुकानदार ने भी सोचा कि ज्यादा सामान बिकने के लालच में दुकानदार भी झांसे में आ गया और ठग को 100-100 के नोट के कुल 25 हजार दे दिए। इधर किराना दुकानदार को झांसे में लेने के बाद ठग ने समोसे वाले के नौकर को किराना दुकान पर ही छो?ा और फिर बाइक से अकेला चला गया। दुकानदार को लगा कि वह लेबर को पैसे देकर जल्द लौट आएगा।

# राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य के संबंध में केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने मुख्यमंत्री चैहान से की मुलाकात

### अभ्यारण्य के संरक्षण, स्थानीय लोगों की आजीविका और रेत की आपूर्ति हेतु व्यवस्था पर हुई चर्चा



श्योपुर। राष्टीय चंबल अभ्यारण्य के संबंध में केंद्रीय मंत्री एवं मुरैना-श्योपुर के सांसद श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान से विस्तृत चर्चा की। श्री तोमर ने इस अभ्यारण्य के संरक्षण, स्थानीय निवासियों की आजीविका एवं रेत आपूर्ति हेतु प्रस्तावित व्यवस्था के संबंध में एक प्रतिवेदन के साथ अपना पत्र भी मुख्यमंत्री को दिया और इस संबंध में उनसे आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया, ताकि चंबल क्षेत्र के नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सकें। राष्टीय चंबल अभ्यारण्य मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान की सीमा पर स्थित सबसे अधिक लम्बाई एवं स्वच्छ पानी का सर्वोत्तम एवं अद्वितीय संरक्षित क्षेत्र है।यह अभ्यारण्य चंबल नदी में राजस्थान के जवाहर सागर बांध से कोटा बैराज तक तथा उसके पश्चात् 18 कि.मी. स्वतंत्र क्षेत्र के बाद पुनः केसोरायपाटन से उत्तरप्रदेश के पचनदा तक स्थित है। इसमें चंबल नदी की प्रमुख सहायक पार्वती नदी का ब?ौदिया बिन्दी से पाली तक लगभग 60 कि.मी. भाग सम्मिलित है। अभ्यारण्य क्षेत्र अन्तर्गत पाए जाने वाले जलीय वन्यजीव में घडियाल और अन्य शामिल है। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान श्री तोमर ने बताया कि इस अभ्यारण्यके संरक्षित क्षेत्र के विभिन्न उत्पादों पर, चारलाख से ज्यादा की स्थानीय आबादी प्रत्यक्ष रूप से निर्भर करती है। अभ्यारण्य में पाए जाने वाले जीवों के रहवास हेतु नदी किनारे उपलब्ध रेत अतिमहत्वपूर्ण घटक है। ऐसे में अवैध रेतउत्खनन पर नियंत्रण भी आवश्यक है, साथ ही स्थानीय निवासियों की आजीविका भी महत्वपूर्ण पहलू है।

श्री तोमर ने श्री चैहान को बताया कि इस क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध है। जैसे- एक ही संरक्षित क्षेत्र में सभी प्रमुख नम भूमि जीव जैसे घडियाल, मगर, गैजेटिक डॉल्फिन, स्वच्छ पानी के ऑटर एवं 200 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों का संरक्षण। म.प्र. में रामसर साइट घोषित करने के लिए सभी आवश्यक मापदण्डों को पूरा करने वाला प्रदूषण रहित नदीय स्वच्छ जल के नम क्षेत्र का संरक्षित क्षेत्र। साथ ही, ऐसा संरक्षित क्षेत्र, जिसके माध्यम से यह प्रदर्शित किया जा सकता है कि सही मायने में देश में संरक्षण के उद्देश्यों को पूरा कर दिखाने की क्षमता है और ऐसा राष्टीय अभ्यारण्य भी, जहां म.प्र., राजस्थान एवं उ.प्र. सभी स्तरों पर उचित समन्वय से जैव विविधता के संरक्षण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं। पूर्व में, म.प्र. शासन केवन विभाग ने अभ्यारण्य के संरक्षण एवं स्थानीय लोगों की आजीविका हेतु रेत आपूर्ति के संबंध में प्रस्तावित व्यवस्था को लेकर एक समिति बनाई थी, जिसके द्वारा आठ स्थलों (जलालपुरा, दलारना, बरोठा, बटेश्वरा, बरवासिन, पिपरई, उसैद-ऊपरी धार एवं रानीपुरा) की पहचान कर इन्हें डिनोटिफाइड करने की सिफारिश की गई थी। ऐसा किए जाने से रेत खनन व्यवस्थित हो सकेगा, साथ ही राज्य शासन को राजस्व का भी काफी फायदा होगा। वर्तमान में ब?ते अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों एवं स्थानीय लोगों की निस्तारी आवश्यकता की पूर्ति के लिए रेत की पर्याप्त उपलब्धता भी हो सकेगी।

चयनित सभी आठ स्थल अभ्यारण्य क्षेत्र में लगभग 15 कि.मी. की लम्बाई में विस्तारित हैं। इन प्रस्तावित स्थलों में से किसी पर भी घ?ियाल एवं इण्डियन स्कीमर की नेस्टिंग साइट्स नहीं हैं, अतः इन सभी स्थलों को खसरों में विभाजित किया जाकर उक्त समस्त खसरों को अभ्यारण्य क्षेत्र से डिनोटिफाइड किए जाने की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, ग्वालियर ने भी एक पत्र सहित प्रस्ताव भेजा था। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने श्री तोमर से इस पूरे मामले की गंभीरता व महत्ता को समझते हुए प्रतिवेदन पर शीघ्र ही संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर समुचित कार्यवाही करने की बात कही है।

### ग्राम पंचायत वांहगा के सहराना बस्ती के आदिवासी पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसते

रोज़गार सहायक समेत सरपंच–सचिव ने किया निर्मल नीर योजना में भारी भ्रष्टाचार गहराई के नाम पर स्वीकृत हुआ पैसा हुआ खुर्द बुर्द



शिवपुरी राहुल ।

खबर जिले के बदरवास तहसील की है जहाँ जिला प्रशासन कि तमाम कोशिशों के बाद भी महात्मा गांधी रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कहीं मशीनों से काम कराया जा रहा है तो कहीं सरपंच-सचिव द्वारा फर्जी मस्टर रोल तैयार करके जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मनरेगा योजना के तहत होने वाले काम में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए सरकार द्वारा युक्ति निकाली गई।इसके तहत निर्माण स्थल पर हर रोज मजदूरों की हाजिरी मस्टर रोल में भरी जाएगी।मज़दूरी का पैसा सीधे मजदूरों के बैंक खातों में भेजा जाएगा। इसके बाद भी शिवपुरी जिले के बदरवास जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत वांहगा में रोज़गार सहायक समेत सरपंच-सचिव कि मिली भगत से फर्जी हाजरी लगाकर मनरेगा के तहत निर्मल निर स्वीकृत हुआ था वांहगा सहराना में जिसकी स्वीकृत राशि 4 लाख 45 हजार रुपये थी जिसमें से हारण कि गई राशि 3 लाख 79 हजार 608 रुपये लेकिन इतनी राशि निकलने के बाद भी मौके पर सिर्फ और सिर्फ थोड़ा बहुत मलबा निकालकर इतिश्री कर दिया गया है जबकि यह निर्मल नीर की गहराई के लिए स्वीकृत हुई थी यह राशि।पंचायत के कर्ताधर्ताओं के द्वारा गहराई न कराने के कारण सहराना बस्ती के लोग पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं इस तरह के यह ग्राम पंचायत में कई भ्रष्टाचार हुए हैं जोकि जांच होने पर सब सामने आ जाएंगे।



## सांसद के. पी यादव ने ऑक्सीजन प्लांट का किया भूमिपूजन, बोले टीकाकरण ही कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय

**शिवपुरी।** कोरोना से बचाव हेतु हम सभी को टीकाकरण आवश्यक रूप से कराना है। प्रदेश में 21 जून से 30 जून तक टीकाकरण महाभियान चलाया जा रहा है। आज बड़े सौभाग्य का दिन है कि हमारे कोलारस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है।यह शीघ्र ही अस्तित्व में आ जाएगा और कोलारस के नागरिकों को ऑक्सीजन के लिए किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। सभी की सुरक्षा के लिए तैयारी करना हमारी जिम्मेदारी है। यह उद्गार सांसद डॉ.के.पी.यादव द्वारा कोलारस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र शेड निर्माण के भूमि पूजन के दौरान व्यक्त किए गए। ऑक्सीजन उत्पादन हेतु संयंत्र में शेड निर्माण लगभग 9 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद डॉ.के.पी.यादव ने वृक्षारोपण अभियान के तहत स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति में अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इसके पश्चात सांसद डॉ.के.पी.यादव अंबेडकर पार्क स्थित टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर उन्होंने स्टाफ से टीकाकरण की जानकारी ली एवं टीकाकरण करा रहे लोगों का उत्साहवर्धन कर उनको सम्मानित किया एवं उपस्थित सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण हेतु प्रेरित करने, अपने रिश्तेदार परिजन मित्रों आदि को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरणा देने की अपील की। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला अध्यक्ष राजू बाथम, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौहान, हेमंत ओझा, कोलारस मंडल अध्यक्ष शिखर धाकड़, लुकवासा मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।





# कांग्रेस की नीतियों को आम जन तक पहुंचाने का कार्य करें कार्यकर्ता: रावत



अम्बाह। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास रावत आज अल्प प्रवास पर अम्बाह आए जहां उन्होंने रतन वाटिका में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता कोरोना से पीड़ित रहे परिवारों की मदद करने के साथ-साथ लोगों को जागरुक करने का कार्य करें उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जब दूसरी लहर की तैयारी करनी थी, तब भाजपा सरकार ने कुछ किया नहीं ऑक्सीजन का भी शिवराज सरकार ने कोई इंतजाम पहले से नहीं किया। शर्म की बात है कि एक ओर जब देश में तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है, उसके बाद भी शिवराज सरकार द्वारा कोई तैयारी नहीं की जा रही है इससे कैसे निपटेंगे यह बड़ा सवाल सामने है। श्री रावत ने कहा कि इस महामारी के संकट काल में देश भर से यह मांग उठी कि कोरोना इलाज से जुड़ी वस्तुओं पर जीएसटी को खत्म किया जाए, पर मोदी सरकार ने इस महामारी के पीक के दौरान इस मांग पर कोई निर्णय नहीं लिया।

श्री रावत ने कहा कि जिन प्लांट का काम जोर-शोर से शुरू किया गया था, उस में से कई अधूरे हैं। कहीं शेड और कहीं ढांचा खड़ा हुआ है। जो सरकार की तैयारियों को लेकर उदासीनता को दर्शाती है उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के सिद्धांतों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया है इस मौके पर जिला महामंत्री जयप्रकाश गोधनिया बंटी,जिला प्रवक्ता मन्नू थापक, जय प्रकाश शर्मा,राधेश्याम शर्मा,मीतू शर्मा, सत्यवीर कपासिया, श्यामवीर थापक, शत्रुघ्न गुर्जर, गिर्राज शर्मा, राजीव शर्मा, अशोक गुर्जर, सोनू कुशवाह, ब्रजकिशोर सखवार,शंकर गुदैनिया, वीरू कुशवाह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# महंगाई, बेरोजगारी व विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस ने पूछे 43 सवाल


## कांग्रेस नेता परमार ने केंद्र और राज्य सरकार को याद दिलाए वादे



मुरैना। सराय छोला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश सिंह परमार ने शनिवार को एक प्रेसनोट जारी कर केंद्र में बैठी मोदी सरकार व मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार से महंगाई, बेरोजगारी व विकास कार्य आदि के किए गए वादों को लेकर प्रश्नों की झड़ी लगाई है और पूछा है कि उनमें से कितने वायदे मोदी सरकार ने पूरे किए हैं। श्री परमार ने कहा कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को तमाम सपने दिखाए और लोकलुभावन वायदे किए, जो आज तक पूरे नहीं हुए हैं, इसके विपरीत देश प्रदेश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है तो वही महंगाई एवं भ्रष्टाचार ने आम जनता की कमर तोड़ दी है।

श्री परमार ने जारी विज्ञप्ति में भाजपा नेताओं व उनकी सरकार से प्रश्न किए हैं कि वह बताएं के कितने करोड़ लोगों को रोजगार दिया गया, डॉलर का मूल्य रुपए के मुकाबले कितना कम हुआ, 100 दिन में काला धन वापस आया कि नहीं, महंगाई कितनी कम हुई, गंगा मैया कितनी साफ हुई, कितने भ्रष्ट एवं चोर नेता जेल गए, डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस कितना सस्ता हुआ, भाजपा सांसदों द्वारा गोद लिए गए कितने गांव विकसित हुए, नोटबंदी से आतंकवादियों व नक्सलवाद की कमर टूटी या नहीं, बुलेट ट्रेन का क्या हुआ, लाहौर कराची पर कहां तक कब्जा हुआ, महिलाओं पर अत्याचार कितने कम हुए, बैंक का कर्ज डकारने वाले कितने लोग जेल गए, भारत कितने दिन में विश्व गुरु बनेगा, मेक इन इंडिया का क्या हुआ, चीन थरथर कांपा क्या, मोदी के विदेशी दौरों से क्या फायदा हुआ, किसानों की आत्महत्या कितनी कम हुई, सेना को कितनी छूट मिली, स्टार्ट अप इंडिया का क्या हुआ, इंस्पेक्टर राज कितना कम हुआ, कितने स्कूल कॉलेज का हॉस्पिटल बनाए गए, सहित कुल 43 सवाल किए है और उनका जवाब मांगा है।

# भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मीसाबंदी रमेश चंद्र जी अग्रवाल का किया स्वागत एवं सम्मान



अम्बाह। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा संगठन के वरिष्ठ नेता मीसाबंदी रमेश अग्रवाल का स्वागत एवं सम्मान आज उनके घर जाकर किया गया ज्ञात रहे कि रमेश चंद्र अग्रवाल ने लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी में कार्य किया है आपातकाल के दौर में भी उन्होंने जेल में बंद रहकर भाजपा की विचारधारा को बढ़ाने का कार्य किया था उनके इन्हीं कार्यो के चलते भाजपा के प्रति उनकी निष्ठा और उनकी मेहनत को देखते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके घर जाकर उनका सम्मान एवं स्वागत किया इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने पुरानी यादों को भी ताजा किया रमेश चंद्र अग्रवाल का स्वागत करने वालों में बच्चू लाल गुप्ता, उमेश जैन पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष, विजय गुप्ता संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा, ऋषि सखवार महामंत्री भाजपा, मुकेश गुप्ता पार्षद उपस्थित थे।

# जिला न्यायालय परिसर में प्रदेश व्यापी रक्तदान महाशिविर संपन्न



मुरैना। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं ऑनलाइन शुभारंभ उपरांत अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन एवं अपर जिला न्यायाधीश श्री शरतचंद्र सक्सेना के मार्गदर्शन में शनिवार को सुबह 11 बजे से स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एडीआर भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर मुरैना में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि रक्तदान की कमी को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण मध्यप्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में जिला न्यायालय परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में श्री दीपक कनेरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री विनय राजपूत न्यायिक मजिस्ट्रेट, लोकेश राघव अध्यक्ष न्यायिक कर्मचारी संघ मुरैना, सुनील जैन सचिव न्यायिक कर्मचारी संघ मुरैना, संजय मिश्रा अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ मुरैना, छोटेलाल कुशवाह अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ मुरैना, एमडी सविता पैरालीगल वालंटियर सहित कुल 28 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया।

# आचार्य आनंद क्लब ने कोरोना वैक्सीन जागरूकता कार्यक्रम वैक्सीन लगवाओ, पुरस्कार पाओ में बांटे टिफिन और साड़ियां




अम्बाह। कोरोना वैक्सीनेशन को बढ़ावा देने और वैक्सीन के लिए विशेष कर महिला वर्ग को आकर्षित करने के लिए आचार्य आनंद क्लब के वैक्सीन लगवाओ, पुरस्कार पाओ कार्यक्रम के अंतर्गत आज वार्ड 14 में ब्राइट कैरियर एकेडमी में हुए वैक्सीनेशन में सुधीर आचार्य और साथियों ने टिफिन और साड़ी रूप में जमकर पुरस्कार बांटे।

आचार्य आनंद की की इस अभिनव पहल की भनक जैसे ही वार्ड वासियों को लगी तो प्रातः से ही लंबी-लंबी कतारें लगना प्रारंभ हो गई और महज 1 घंटे में 1 सैकड़ा से अधिक लोगों ने वैक्सीनेशन कराया। इस अवसर पर वैक्सीनेशन कराने वाली बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी और अन्य सभी महिलाओं को स्टील के टिफिन आचार्य आनंद क्लब द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित सीएमओ डॉ डी एस यादव ने कहा कि सुधीर आचार्य और उनकी टीम ने कोरोना काल में बेजोड़ मदद की है । वैक्सीनेशन में भी प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में घूम-घूम कर जागरूकता अभियान चलाना वैक्सीनेशन के लिए लोगों को प्रेरित करना और वैक्सीनेशन सेंटर लाना, एवं शत-शत वैक्सीनेशन कराने के लिए वैक्सीन लगवाओ,पुरस्कार पाओ कार्यक्रम चला कर अनूठी पहल की है। मैं सुधीर आचार्य को और उनकी टीम को इस अभियान को सफल बनाने में की गई पहल के लिए हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं। वैक्सीनेशन लगवाने आ रहे लोगों का आचार्य क्लब की टीम के साथियों अरविंद मावई, बालकृष्ण शर्मा,गोपाल दीक्षित, विश्व नाथ गुर्जर, दुष्यंत सिंह तोमर आदि ने आत्मीय स्वागत भी किया।

## वन-टू-वन

### नूराबाद पुलिस ने बाइक सवार से पकड़ी 7 पेटी अवैध शराब



मुरैना। नूराबाद थाना पुलिस ने गत रात्रि भ्रमण के दौरान विसेंठा नहर की पुलिया के पास मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर गुजर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार कर 7 पेटी शराब एवं मोटरसाइकिल जप्त कर आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत नूराबाद थाना प्रभारी शैलेंद्र गोविल को विगत रात्रि सूचना मिली के विसेंठा नहर की पुलिया के पास से एक युवक बाइक पर अवैध शराब परिवहन कर रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करने वाले युवक को दबोच लिया और तलाशी ली तो 7 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी दिनेश कोरव निवासी बाराहेट भिंड को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल भी जप्त की है। शराब एवं बाइक की कुल कीमत एक लाख से अधिक बताई गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा एसआई अजय, प्रधान आरक्षक सुनील, रणधीर, दीन दयाल सिंह, भूपेंद्र आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### सटोरिया को न्यायालय ने किया दण्डित

मुरैना। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) डॉ. रश्मि वैभव शर्मा ने घटना के बारे में बताया कि 04 अप्रैल 2021 को थाना कोतवाली के प्र.आर. भूपेन्द्र सिंह को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तस्दीक कर गंगा पब्लिक स्कूल के पास, मुरैना से पवन पुत्र रमेश को सट्टा खिलाते पकडा था। उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर एक सट्टा पर्ची, डॉट पेंसिल व 245 रूपये मिले। आरोपी का कृत्य धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उक्त सामान व पैसे को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना वापस आकर अपराध पंजीबद्ध कर चालान मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (सीजेएम) न्यायालय में पेश किया। जहां पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुये, न्यायालय उठने तक की सजा एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# तीनों कृषि विरोधी काले कानून की वापिसी के लिए प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम दिए रोष पत्र




मुरैना। संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आव्हान पर तीनों कृषि विरोधी काले कानूनों की वापसी की मांग को लेकर तथा एमएसपी पर खरीदी की गारंटी का कानून बनाने के लिए देशभर में राज भवनों पर, जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन, घेराव करते हुए, एकत्रित होकर किसान नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन स्थानीय अधिकारियों को दिए।

इसी कड़ी में मुरैना में पुरानी कलेक्ट्रेट पर एकत्रित होकर किसान मोर्चा के नेता गणों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें जेके पिप्पल, श्रीकृष्ण यादव, रामविलास शर्मा, गुलाब सिंह कुशवाह, अशोक जाटव, राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। इसी क्रम में कैलारस में तहसील कार्यालय पर एकत्रित होकर किसान नेताओं ने नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार भरत कुमार को दिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, गयाराम सिंह धाकड़, ओमप्रकाश श्रीवास, केएन शर्मा, महेश प्रजापति, शिवनारायण यादव, निरंजन शाक्य, सुरेश धाकड़, जगन्नाथ सिंह, सरवन लाल, सियाराम, बनवारी लाल आदि ने किया । सबलगढ़ में पुलिस थाना पर पहुंच कर किसान नेतागण मुरारी लाल धाकड़, बनवारी लाल जाटव, रतन लाल शाक्य, इसराइल खान, विशाल जाटव, महेंद्रसिंह सोलंकी, पंकज राठौर, कोक सिंह कुशवाह आदि के नेतृत्व में तहसीलदार सुभ्रता त्रिपाठी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मुख्यतः तीनों कानूनों की वापसी की मांग की गई है।

विदित हो कि किसान आंदोलन को 7 माह बीत गए हैं, 500 से ज्यादा किसानों की शहादत के बाद भी मोदी सरकार किसानों की सुनने के लिए तैयार नहीं है और तानाशाही पूर्ण रवैया अख्तियार किए हुए हैं। लेकिन किसानों ने भी संकल्प लिया है कि जब तक तीनों कृषि विरोधी काले कानून वापस नहीं होंगे, एमएसपी पर खरीदी का कानून नहीं बनाया जाएगा, तब तक किसान आंदोलन जारी रहेगा। यह आंदोलन आजादी के बाद का सबसे बड़ा शांतिप्रिय जन आंदोलन बन गया है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त किसान मोर्चा के नेतागण सभी प्रदेशों की राजधानियों में राज भवनों पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन भी दे रहे हैं। आगामी समय में किसान मोर्चा रणनीति तैयार कर आंदोलन को तेज करेगा।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## सरकार बच्चों के जीवन की सुरक्षा के साथ उनके उज्जवल भविष्य की भी चिंता करे और स्कूल खोले; सुधीर आचार्य




अम्बाह। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इकाई अंबाह द्वारा आज मुख्यमंत्री के नाम अंबाह एसडीएम राजीव समाधिया को ज्ञापन सौंपते हुए एक जुलाई से स्कूल खोलने की मांग की गई है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इकाई अंबाह के अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने एकत्रित स्कूल संचालकों से चर्चा के उपरांत अंबाह एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में कहा है कि अशासकीय विद्यालय बंद हुए 16 माह बीत चुके हैं लेकिन कोरोना काल में कई कई बार छूट देने के बाद भी अशासकीय विद्यालयों को नहीं खोला गया है। अशासकीय विद्यालय के संचालक शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ इस कारण गंभीर रूप से आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं लेकिन सरकार इस दिशा में कोई विचार नहीं कर रही है सरकार को चाहिए कि वह अतिशीघ्र कोविड नियमों का पालन कराते हुए विद्यालयों को खोलने, विद्यार्थियों को बुलाने और कक्षा संचालित करने की अनुमति प्रदान करें। इस अवसर पर अशासकीय विद्यालय एसोसिएशन के संरक्षक डॉ सुधीर आचार्य ने कहा कि सरकार बच्चों के जीवन की सुरक्षा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की चिंता भी करें और अतिशीघ्र स्कूल खोलें। मुख्यमंत्री से मांग करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बंद रहे स्कूलों से लिया गया बिजली बिल का भुगतान वापस किया जाए और इस समय के बिल माफ किए जाएं। आरटीई के तहत पढ़ने वाले विद्यार्थियों का भुगतान जो वर्षों से लंबित है 2020-21 तक का भुगतान अविलंब किया जाए। विद्यालयों के आर्थिक संकट को देखते हुए सरकार उन्हें आर्थिक पैकेज रूप में सहयोग प्रदान करें। शिक्षा विभाग द्वारा वसूली गई बोर्ड फीस एवं रेड क्रॉस स्काउट पर्यावरण आदि सभी फीस शैक्षणिक संस्थाओं को वापस की जाएं।

संरक्षक डॉ सुधीर आचार्य, अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला,सचिव जगदीश सिंह तोमर, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, रामवीर शर्मा, कोषाध्यक्ष अंकित मिश्रा, सह सचिव हरिओम शर्मा, रिंकू तोमर, बृज किशोर,रवि शर्मा, जगदीश जादौन, फतेह सिंह चौहान , रवि शुक्ला,विनोद शर्मा,विकास शर्मा,प्रमेन्द्र कुशवाह, अखलेश कुशवाह,अवधेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खिलौनों की बात

देश में खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का मंत्र एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टॉयकैथॉन-2021 के प्रतिभागियों से चर्चा की। इस दौरान सबसे पहले छात्रों ने अपने गेम्स के बारे में प्रधानमंत्री को जानकारी दी। इस दौरान पीएम ने भी उनको गेम्स को लेकर सुझाव दिए। उन्होंने कहा, जैसे बच्चों की पहली पाठशाला परिवार होता है, वैसे ही उनकी पहली किताब और दोस्त खिलौने होते हैं। इसके अलावा उन्होंने दुनिया में खिलौने के मार्केट को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि खिलौने का बाजार दुनियाभर में 100 अरब डॉलर का है। इसमें भारत की भागीदारी 1.5 अरब डॉलर की है। हमें इस परिस्थिति को बदलने की जरूरत है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने पिछले साल 30 अगस्त को मन की बात में खिलौनों पर चर्चा की थी और स्थानीय खिलौनों की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया था। देश में कई प्रतिभाशाली और कुशल कारीगर हैं, जो अच्छे खिलौने बनाने में महारत रखते हैं। लेकिन आज विश्व खिलौना उद्योग सात लाख करोड़ रुपए से भी अधिक का है, लेकिन भारत का हिस्सा उसमें बहुत कम है। इतनी बड़ी युवा आबादी होने के बावजूद खिलौनों के बाजार में भारत की हिस्सेदारी इतनी कम होना अच्छा नहीं है। खिलौना गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिनियम 2020 एक जनवरी 2021 से लागू होने के बाद से चीन से खिलौने का आयात रुक गया है। भारत में अब वही खिलौने बिकेंगे जो भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएएस) के मानक के अनुरूप होंगे। चीन से सस्ते खिलौने के आयात पर लगाम लगने के बाद देसी खिलौना विनिर्माता घरेलू मांग की पूर्ति करने के साथ-साथ निर्यात बढ़ाने के भी विकल्प तलाशने लगे हैं। खिलौना उद्योग भारत का अत्यंत समृद्ध और पारंपरिक उद्योग रहा है। देश में खिलौना बनाने वाली लगभग चार हजार से ज्यादा इकाइयां वर्तमान में कार्यरत हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के अंतर्गत आने वाली इन इकाइयों में से 90 फीसद इकाईयां असंगठित क्षेत्र से संबंधित हैं। भारत का सालाना खिलौना निर्यात तकरीबन 800-एक हजार करोड़ रुपए का है जिसे आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। देश के खिलौना बाजार का खुदरा कारोबार लगभग 15 हजार-20 हजार करोड़ रुपए का है, जिसमें 75 फीसद आयातित खिलौने होते हैं और स्थानीय खिलौनों की भागीदारी 25 फीसद है। खिलौना उद्योग की सबसे बड़ी चुनौती खिलौने की घटिया गुणवत्ता है। खिलौना निर्माण अधिक लागत होने के कारण भारत में निर्मित खिलौने अपने ही बाजार में विदेश से आयातित खिलौने से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते। परंपरागत खिलौनों को पिछले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक खिलौने, वीडियो गेम और कंप्यूटर गेम लोकप्रियता से खूब चुनौती मिली है। स्थानीय खिलौना उद्योग भी आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर इस चुनौती से निपट सकता है। खिलौने बनाने के लिए आजकल के दौर के हिसाब से डिजाइनर को न केवल बाजार के चलन से अवगत रहना चाहिए बल्कि अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों की रुचियों के बारे में भी पता होना चाहिए। इस करिअर में ग्राफिक डिजाइन, मैकेनिकल ड्रॉइंग और रंग के चयन की कुशलता हो तो खिलौना उद्योग के क्षेत्र में अच्छी सफलता प्राप्त हो सकती है। वर्तमान समय तकनीक के प्रयोग से खिलौना उद्योग में रोजगार के भारी अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। आज भारत में कई मेक इन इंडिया कंपनियां खुल गई हैं जो कि खिलौने बनाने का काम कर रही हैं। खिलौने बनाने वाली कंपनी भारत में तेजी से अपना व्यवसाय कर रही हैं। इन कंपनियों से फ्रेंचाइजी लेकर भी अपने करिअर की शुरुआत कर सकते हैं।

# देश की राजनीति में बदलती परिस्थितियां

**अशोक भाटिया**

राजनितिक दल लोकतंत्र के प्राण माने जाते हैं .दलों के बिना लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती हैं । स्वस्थ लोकतंत्र के लिए स्वस्थ चरित्र वाले राजनितिक दल का होना आवश्यक हैं । लेकीन वर्तमान परिस्थिति पर नजर डाले तो यह बिल्कुल भिन्न नजर आता हैं . राजनितिक दलों का गठन सिद्धांत पर आधारित होता हैं लेकिन वे जल्द ही व्यक्तिवाद के ओर मुड जाते हैं । आज भारतीय राजनीति में परिवारवाद नामक संस्कृति हावी हो रही हैं । आज आप पुरे भारत के किसी राज्य में देख ले सभी में परिवारवाद जोरो पर चल रही हैं .नेता के जितने भी सगे सम्बन्धी हैं सभी नेता बनने को आतुर दिखाई पड़ते हैं .और आम कार्यकर्ता झंडे लेकर दौड़ते ही रह जाते हैं । भारत चुकी दुनिया का सबसे बड़ा संसदीय लोकतन्त्र कहलाता है, अतः इसमें जो भी बदलाव आता है वह जनता जनार्दन की इच्छा के वशीभूत ही होता है। जनता ही है जो राजनीतिक दलों की भूमिका बदलती रहती है । इसलिए देश के सर्वाधिक वरिष्ठ राजनेता श्री शरद पवार जो कवायद कर रहे हैं वह लोकतन्त्र में और अधिक जिम्मेदारी पैदा करने व जवाबदेह बनाने के लिए कर रहे हैं। इस प्रणाली में सत्ता पक्ष-विपक्ष के माध्यम से आम जनता के प्रति जवाबदेह होता है। यदि विपक्ष बिखरा हुआ रहता है तो सत्ता पक्ष की जवाबदेही भी बिखर जाती है। जाहिर इससे पहले से ही सबल सत्ता पक्ष को और ताकत मिलती है। इससे लोकतन्त्र के बेलगाम होने का रास्ता भी परोक्ष रूप से खुलता है।

ऐसा अनुभव 1967 में समाजवादी चिन्तक डा. राम मनोहर लोहिया का हुआ था और उन्होंने गैर कांग्रेसवाद का नारा बुलन्द किया था। इस नारे के चलते कांग्रेस विरोधी सभी दल तब एक झंडे के नीचे जमा हो गये थे। संयोग से इस वर्ष हुए चुनावों में नौ राज्यों में कांग्रेस बहुमत से बाहर हो गई और लोकसभा में उसे केवल 18 अधिक सांसदों का बहुमत मिला था। गैर कांग्रेसवाद के नारे का असर यह हुआ कि नौ राज्यों में से पांच राज्यों में आपस में कट्टर विरोधी विचारधारा रखने वाले जनसंघ व कम्युनिस्ट एक मंच पर आ गये और राज्य सरकारों में शिरकत की। मगर यह प्रयोग ज्यादा सफल नहीं हो पाया और साल-डेढ़ साल के बाद ऐसी सरकारें टूट गईं। अब वक्त इस तरह बदला है कि श्री पवार गैर भाजपावाद का झंडा बुलन्द करके सभी गैर भाजपाई दलों को एक मंच पर लाना चाहते हैं। इस प्रयास के सफल होने का मन्त्र आज की परिस्थितियों में यही हो सकता है कि एक समान विचारधारा वाले दल ही मजबूत विपक्षी मंच के रूप में उभर सकते हैं।

विपक्ष की मजबूती के लिए केवल गैर भाजपावाद जरूरी नहीं हो सकता क्योंकि इसका हश्र भी अन्ततः गैर कांग्रेसवाद के समान ही हो सकता है। श्री पवार के उत्साह का एक कारण प. बंगाल में भाजपा की पराजय भी हो सकता है क्योंकि इस प्रदेश में भाजपा ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। मगर इससे अन्य विशेषकर उत्तर भारतीय व पश्चिमी राज्यों में भाजपा की ताकत को कम करके नहीं तोला जा सकता। हो सकता है कि श्री पवार के प्रयासों के पीछे यह भी एक कारण हो। मगर वर्तमान में विपक्ष के सामने एक दिक्कत नहीं बल्कि कई दिक्कतें हैं। मसलन ओडिशा में बीजू जनता दल विपक्षी दल होने के बावजूद



सुविधा की राजनीति करने में मशगूल रहता है। यही हालत आंध्र प्रदेश की वाईआसआर कांग्रेस व तेलंगाना की तेलंगाना राष्ट्रीय समिति का है।

उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में यहां के प्रमुख क्षत्रीय दलों बसपा व सपा की राजनीति के बारे में कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। ये दोनों दल अपनी गोटियां इस तरह बिछाते हैं कि किसी भी सूरत में कांग्रेस पार्टी अपनी खोई हुई जमीन प्राप्त न कर सके। इसके लिए वे किसी भी हद तक जा सकते हैं और सत्ता और विपक्ष का भेद भी भुला सकते हैं। बेशक केन्द्र में 1996 के बाद से साझा सरकारों का दौर शुरू हुआ मगर इसकी विशेषता यह रही कि साझा सरकारें बिना कांग्रेस या भाजपा की मदद से नहीं चल सकी। 1996 से 98 तक देश में जिस राष्ट्रीय मोर्चा सरकार का गठन हुआ वह गैर भाजपावाद के चलते ही हुआ मगर ऐसी सरकार को कांग्रेस की बैसाखी की जरूरत पड़ी। इसके बाद 1998 से भाजपा ने अपने नेतृत्व में 2004 तक सरकार चलाई जिसे वाजपेयी सरकार कहा जाता है। इसके बाद दस वर्ष तक कांग्रेस के नेतृत्व में मनमोहन सिंह सरकार गैर भाजपावाद के नारे पर ही चली।

मगर 2014 में राजनीतिक चित्र पूरी तरह बदल गया और भाजपा अपने बूते पर सरकार बनाने में सफल रही। 2019 में भी यही स्थिति बनी। मगर लोकतन्त्र जड़ता बर्दाश्त नहीं करता है इसलिए राज्यों के चुनावों में हमें मिश्रित परिणाम देखने को मिले और उन्हीं से प्रभावित होकर श्री शरद पवार विपक्षी एकता का प्रयास करते मालूम पड़ते हैं परन्तु बिना विचाधारा की समानता के विपक्षी एकता किसी भंगुर पदार्थ की मानिन्द ही साबित होती रही है इसलिए श्री पवार को यह विचार करना चाहिए कि वैचारिक समानता के आधार पर ही एकता का प्रयास आगे बढ़ाया जाये। इसका सबसे सुगम मार्ग यह हो सकता है कि कांग्रेस छोड़ कर अलग हुई सभी पार्टियां पुनः एक मंच पर आकर सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने के बारे में सोचें। क्षेत्रीय दलों के गठबन्धन को आगे बढ़ा कर इसे पंचमेली राष्ट्रीय स्वरूप देने को अवसरवादी गठबन्धन से नवाजने में कोई राजनीतिक असुविधा नहीं होगी। भाजपा अब राष्ट्रीय स्तर की मजबूत पार्टी है और इसका मुकाबला भी राष्ट्रीय स्तर का विकल्प देकर ही किया जा सकता है। लोकतन्त्र की सफलता इस बात पर भी निर्भर करती है कि इसमें ठोस विकल्पों की जनता के सामने कमी नहीं रहनी चाहिए। आश्चर्य है कि शिवसेना, द्रमुक और झारखंड मुक्ति मोर्चा भी बैठक में शामिल नहीं हुए । कांग्रेस के कुछ नेताओं को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन उनमें से किसी के शरीक नहीं होने से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि मुख्य विपक्षी पार्टी क्षेत्रीय दलों के नेतृत्व वाले मोर्चे का हिस्सा नहीं बनना चाहती है । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बैठक पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए यहाँ तक कहा कि यह राजनीति पर चर्चा करने का समय नहीं है ।

## प्रोध का जवाब प्रोध नहीं

एक बार एक ब्राह्मण ने महात्मा बुद्ध को अपने घर आकर, भोजन करने का निमंत्रण दिया। जब बुद्ध वहां पहुंचे तो उन्होंने पाया कि ब्राह्मण ने उन्हें किसी अन्य मकसद से वहां बुलाया था। ब्राह्मण उनकी निंदा करने लगा और उन्हें अपशब्द कहने लगा। बुद्ध ब्राह्मण के वचनों के वार चुपचाप सहते रहे। अंत में बुद्ध ने कहा, हे ब्राह्मण जी, क्या आपके घर में मेहमान आते रहते हैं? हां, आते हैं। ब्राह्मण ने उत्तर दिया। बुद्ध ने पूछा, जब मेहमान आते हैं तो आप उनके लिए क्या भोजन बनाते हैं? ब्राह्मण ने उत्तर दिया, हम एक बड़े भोज की तैयारी करते हैं। बुद्ध ने पूछा, अगर वे नहीं आते तो आप क्या करते हैं? ब्राह्मण बोला, हम भोज स्वयं खा लेते हैं। बुद्ध बोले,अच्छा, तुमने मुझे भोजन पर बुलाया पर तुमने मेरा स्वागत कठोर वचनों और आलोचना से किया। लगता है कि जो भोज तुम मुझे परोसने वाले थे, वह इसी का है। मैं तुम्हारे द्वारा परोसे भोजन को नहीं खाना चाहता। कृपया इसे वापस ले लो और स्वयं खाओ। बुद्ध ने महसूस किया कि जो भोज उन्हें दिया गया था, वह खाद्य पदार्थों का नहीं, बल्कि गालियों का था। उन्होंने वापस मुड़कर ब्राह्मण का तिरस्कार करने और उसे अपशब्द कहने के बजाय उसके प्रोध को स्वीकार नहीं किया। बल्कि वे उस स्थान से चले गए। इस प्रकार, प्रोध उसी के साथ रहा जो उसे प्रकट कर रहा था। महात्मा बुद्ध के शिष्य यह देख रहे थे। बुद्ध ने उन्हें सलाह दी, कभी उस रूप में बदला न लो जिस रूप में सलूक आपके साथ हुआ हो।

## कोरोनाः तीसरी लहर से बचने के लिए दूसरी लहर के भयावह दुष्परिणाम को याद रखें

**निर्मल रानी**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों तथा वैज्ञानिकों द्वारा कोरोना की तीसरी लहर आने की चेतावनी बार बार जारी की जा रही है। कुछ लोगों का मत है कि अगले छः से आठ सप्ताह के मध्य तीसरी लहर का प्रकोप शुरू हो सकता है जबकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अक्टूबर तक कोरोना की तीसरी लहर आ सकती है। परन्तु पिछले दिनों देश के अधिकांश भागों में लॉक डाउन में मिली छूट के बाद जिस तरह बाज़ारों में भारी भीड़ नज़र आने लगी और कोरोना का भय पूरी तरह से भूलकर जनता कोरोना संबंधी दिशा निर्देशों की अवहेलना या अनदेखी करती दिखाई दी उसे देखकर अब तो विशेषज्ञों ने यह भी कहना शुरू कर दिया कि यदि यही स्थिति रही तो कोरोना का प्रकोप तीसरी लहर के रूप में यथाशीघ्र वापस आ सकता है। गोया असावधानियाँ ही तीसरी लहर को दावत देने का सबसे बड़ा कारण बन सकती हैं। कोरोना की दूसरी लहर में भी पूरी दुनिया ने भारत की जो भयावह स्थिति देखी उससे हमारे देश व देश की सरकारों को जिस शर्मिन्दिगी का सामना करना पड़ा वह भी किसी से छुपा नहीं है। कहा जा सकता है कि पिछले दिनों देश ने ऑक्सीजन की कमी और अनगिनत जलती चिताओं के रूप में लघु प्रलय जैसा भयावह दृश्य देखा है। अब तो विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि यदि लोगों की लापरवाही का यही आलम रहा तो तीसरी लहर, दूसरी से भी भयावह हो सकती है।



विगत अप्रैल व मई माह के बीच के देश के डरावने वातावरण ने पूरे विश्व का ध्यान भारत की दयनीय स्थिति की ओर खींचा जिसके नतीजे में अन्य देशों की तो बात ही क्या करनी चीन और पाकिस्तान जैसे हमारे पड़ोसी व प्रतिस्पर्धी देशों के भी दिल पिघल गए। बावजूद इसके कि इन देशों में भी कोरोना ने अपना क़हर बरपा किया हुआ था। चारों तरफ़ से मदद करने वाले देशों की क़तार लग गयी। ईश्वर न करे ऐसे हालात देश में दुबारा पैदा हों। ऐसा लगता है कि दूसरी लहर के बेक़ाबू हालात से देश की केंद्र व राय सरकारों ने भी कुछ न कुछ सबक़ ज़रूर लिया है। यही वजह है कि केंद्र सरकार अब टीकाकरण के बड़े से बड़े अभियान भी चला रही है। राय सरकारों को भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित कर रही है तथा सामर्थ्यानुसार कोरोना रोधी टीकों(वैक्सीन) की यथासंभव आपूर्ति भी कर रही है। कोरोना वायरस की जांच में भी तेज़ी लाई जा रही है। इसके साथ साथ कड़े प्रतिबंध लागू करने के लिए भी राय सरकारों को निर्देश दिए जा रहे हैं। गत 21 जनवरी से सरकार ने जान है तो जहान है के नारों के साथ कोरोना से युद्धस्तर पर लड़ने हेतु एक विशाल अभियान की शुरुआत की। इसके अंतर्गत देश के अनेक प्रमुख सामाजिक,धार्मिक,शैक्षिक हस्तियों तथा वरिष्ठ चिकित्सकों के कोरोना से बचाव के उपायों संबंधी संदेशों को नुक्कड़ नाटकों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के ज़रीये जनता तक पहुंचाए जाने की योजना है। इसी दिन सरकारी आंकड़ों के अनुसार एक ही दिन में 84 लाख लोगों को टीकाकृत कर कीर्तिमान स्थापित किया गया। देश के ज़िम्मेदार लोगों द्वारा बार बार देशवासियों को यह भी चेताया जा रहा है कि कोरोना की दूसरी लहर अपना रौद्र रूप दिखाने के बाद कमज़ोर ज़रूर पड़ी है परन्तु इसका यह अर्थ क़तई नहीं निकालना चाहिए कि कोरोना भारत या संसार से विदा हो चला है। संभावित तीसरी लहर से जुड़ी सबसे अधिक चिंता पैदा करने वाली ख़बर तो यह है कि इसका दुष्प्रभाव बचों पर भी पड़ेगा। और इससे भी अधिक चिंतनीय विषय यह है कि विशेषज्ञों के मुताबिक़ कोरोना अपने वैरिएंट में बदलाव करता रहता है जिसकी वजह से अनेक लोग उन वैक्सीन की सार्थकता को लेकर भी चिंतित हैं जो कोरोना के गत वर्ष के प्रथम वैरिएंट के आधार पर निर्मित किये गए हैं। गोया प्रत्येक दशा में कोरोना से बचाव का एक ही सर्वोत्तम मार्ग सुझाई देता है,और वह है अपनी रक्षा स्वयं करना। कुछ इस अंदाज़ से जैसे हमारे देश में सरकार चोर उचक्कों से सुरक्षा की गारण्टी लेने के बजाय उस नारे पर ज़्यादा विश्वास करती है जो प्रायः बसों में लिखा दिखाई देता है कि -सवारी अपने सामान की स्वयं ज़िम्मेदार है । और अपना बचाव करने को प्रोत्साहित करने वाला भारतीय रेल का यह मूल वाक्य कि -सावधानी हटी-दुर्घटना घटी । परन्तु पिछले दिनों कोरोना की दूसरी लहर के मद्धिम पड़ने के बाद बाज़ारों में उमड़ी भीड़ से लेकर धार्मिक आयोजनों तक में नज़र आने वाली लोगों की बड़ी तादाद फ़िलहाल हमें यही सोचने के लिए मजबूर कर रही है।

# लोकतंत्र को कमजोर करती अवसरवाद की राजनीति

### सूडोकु नवताल-5754

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5753 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

**डॉ नीलम महेंद्र**

सामान्यतः राजनीति ऐसा विषय नहीं होता जो चुनावों के अतिरिक्त आम आदमी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करे। लेकिन विगत कुछ समय से देश में ऐसे घटनाक्रम हुए हैं जिन्होंने आमजन का ध्यान राजनीति की ओर आकृष्ट किया। सिर्फ आकृष्ट ही नहीं किया बल्कि सोचने के लिए भी विवश किया । दरअसल 2017 में टीएमसी छोड कर भाजपा में शामिल हुए शारदा चिटफंड घोटाले के आरोपी मुकुल रॉय बंगाल चुनावों के बाद एक बार फिर टीएमसी में वापस आ गए हैं। इसी प्रकार आगामी उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस नेता जितिन प्रसाद विधिवत रूप से भाजपा में शामिल हो गए हैं। कहने की आवश्यकता नहीं कि ये दोनों ही नेता अपने अपने पूर्व दलों में रहते हुए भाजपा की विचारधारा के खिलाफ खुलकर बयान देते थे।

इस प्रकार के और भी कई उदाहरण हैं जैसे 2017 के चुनावों से पहले कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोपों की झड़ी लगाने वाले सिद्धू का भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाना। इसी प्रकार कांग्रेस के कद्दावर नेता स्व माधवराव सिंधिया की विरासत संभालने वाले एवं राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया का चुनावों के बाद अपने 24 समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाना जो बाद में मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार गिरने का कारण भी बना। वैसे तो स्वतंत्र भारत के इतिहास में इस प्रकार की घटनाएं कोई पहली बार नहीं घटित हो रहीं हैं। भारत की राजनीति का इतिहास ऐसी



घटनाओं से भरा पड़ा है। एक रिपोर्ट के अनुसार 1957 से 1967 के बीच 542 बार सांसद अथवा विधायकों ने अपने दल बदले। आप इसे क्या कहिएगा कि 1967 के आम चुनाव के प्रथम वर्ष में भारत में 430 बार सांसद अथवा विधायकों द्वारा दल बदलने का रिकॉर्ड बना। 1967 के बाद एक रिकॉर्ड और बना जिसमें दल बदल के कारण 16 महीने के भीतर 16 राज्यों की सरकारें गिर गईं। हरियाणा के एक विधायक ने तो 15 दिन में ही तीन बार दल बदल कर राजनीति में एक नया रिकॉर्ड बनाया था।

जाहिर है भारत के राजनैतिक परिदृश्य में दल बदलने की घटनाएं कोई नई नहीं हैं। अपने राजनैतिक नफा नुकसान को ध्यान में रखते हुए नेताओं का एक दल से दूसरे दल में जाना आम बात है। हाँ यह सही है कि कानून की नज़र में यह अपराध नहीं है और ना ही ये नेता अपराधी, लेकिन नैतिकता की कसौटी पर यह जनता के ही अपराधी नहीं होते बल्कि लोकतंत्र की भी सबसे कमजोर कड़ी होते हैं। क्योंकि अपनी राजनैतिक महत्वाकांक्षा के चलते ये नेता सालों से जिस राजनैतिक दल से जुड़े होते हैं उसे भी छोड़ने से परहेज नहीं करते यहाँ तक कि कई बार तो अपने राजनैतिक सफर की शुरुआत जिस दल से करते हैं उसे छोड़कर उस विपक्षी दल में चले जाते हैं जिसकी विचारधारा का विरोध वो अबतक करते आ रहे थे। जाहिर है ऐसे नेता सिर्फ अपने राजनैतिक स्वार्थ के प्रति ईमानदार होते हैं अपने सिद्धांतोंके प्रति नहीं। लेकिन इसके लिए सिर्फ उस नेता को ही दोष देना सही नहीं होगा। वो दल भी उतना ही दोषी है जो सत्ता के लालच में ऐसे नेताओं का अपने दल में सिर्फ फूलमालाओं से ही नहीं बल्कि भविष्य के ठोस आश्वासनों के साथ स्वागत करता है। खासतौर पर जब वो दल खुद को ÷पार्टी विथ अ डिफरेंस÷ कहता हो। वो दल जो खुद को विचारधारा आधारित पार्टी कहता हो, वो सत्ता के लिए उन विपक्षी दलों के नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करता है जिनसे उसका वैचारिक मतभेद रहा है। लेकिन लोकतंत्र के नाम पर वोटर से छलावा यहीं तक सीमित नहीं है। एक दूसरे के कट्टरविरोधी राजनैतिक दल जो पाँच साल तक एक दूसरे के विरोधी रहते हैं सत्ता हासिल करने के लिए चुनावों से पूर्व एक दूसरे के साथ गठबंधन कर लेते हैं। इतना ही नहीं लोकतंत्र में जिस वोटर के हाथ में सत्ता की चाबी मानी जाती है उसके साथ छल यहीं खत्म नहीं होता।

## कश्मीर पर सार्थक संवाद

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

जम्मू-कश्मीर के नेताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संवाद काफी सार्थक रहा। इसे हम एक अच्छी शुरुआत भी कह सकते हैं। 22 माह पहले जब सरकार ने धारा 370 हटाई थी और इन नेताओं को गिरफ्तार कर लिया था, तब और अब के माहौल में जमीन-आसमान का अंतर आ गया है। जब इस संवाद की घोषणा हुई तो मेरे मन में दो शंकाएँ थीं। एक तो यह कि कुछ कश्मीरी नेता इसमें भाग लेने से ही मना कर देंगे। और यदि वे भाग लेंगे तो बैठक में बड़ा हंगामा होगा। कहा-सुनी होगी। बहिष्कार होगा। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ लेकिन उमर अब्दुल्ला जैसे दो-तीन नेताओं ने कहा कि यह संवाद बहुत शांति और मर्यादा से संपन्न हुआ। इसका कारण शायद यह भी रहा कि कश्मीर के दर्जे में इतने गंभीर परिवर्तन के बावजूद ये नेतागण कोई बड़ा आंदोलन खड़ा नहीं कर सके। इन्हें जेल में डाल दिया गया, इसके बावजूद कोई फर्क नहीं पड़ा। गिरफ्तार नेताओं में तीन पूर्व मुख्यमंत्री भी थे। डॉ. फारुक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती। तीनों दिल्ली आए। चौथे पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेसी नेता गुलाम नबी आजाद भी इस संवाद में शामिल हुए। यह संवाद अगले विधानसभा चुनाव में चुनाव-क्षेत्रों के परिसीमन के लिए बुलाया गया था। लेकिन वास्तव में इसके बहाने कश्मीर में अब राजनीतिक प्रक्रिया का प्रारंभ हो गया है। सरकार ने धारा 370 को वापिस ले आने का कोई संकेत नहीं दिया है। कश्मीरी पार्टियों के नेताओं ने अपनी इस मांग को उठाया जरुर लेकिन उसे ही एक मात्र मुद्दा नहीं बनाया। समझा जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव पहले होंगे और उसे राज्य का दर्जा बाद में मिलेगा। मैं कहता हूं कि उसे चुनाव के पहले ही राज्य का दर्जा क्यों नहीं दे दिया जाए और राज्यपाल की देख-रेख में चुनाव क्यों नहीं करवा दिए जाएं? जहां तक धारा 370 का सवाल है, उसकी जगह धारा 371 के अन्तर्गत जम्मू-कश्मीर को कुछ विशेष सुविधाएं जरुर दे दी जाएं, जैसे कि उत्तराखंड, मिजोरम, नागालैंड आदि राज्यों को दी गई हैं। गुलाम नबी आजाद की इस मांग को भी मान लेने में कोई बुराई नहीं है कि अब भी गिरफ्तार नेताओं को रिहा कर दिया जाए, पंडितों का पुनर्वास किया जाए और कश्मीरियों के रोजगार को सुरक्षित किया जाए। भारत के अन्य राज्यों की तरह कश्मीर को भी बराबरी का दर्जा मिले। न वह घटिया हो और न ही बढ़िया! जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, उसने हर तीर आज़मा कर देख लिया है। उसे पता चल गया है कि कश्मीर पर अब उसका कोई दांव नहीं चल पाएगा। अब तो उसके कब्जे के कश्मीर पर बात होनी चाहिए।

## वन-टू-वन



### महामंत्री स्वामी तेजानंद महाराज ने तामीलनाडु सरकार से गिरवी ज्वैलेरी दुकाने खोलने के लिए सौंपा ज्ञापन

**चैन्नई**–टी नगर चैन्नई मे तामीलनाडु सरकार के वाणिज्य मंत्री मुरती ने तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन वह तामीलनाडु के विभिन्न व्यापारी सघंठन के प्रतिनिधियो से व्यापारियों कि समस्याओं के बारे मे चर्चा की थी उस महत्वपूर्ण बैठक मे तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन कि तरफ सु प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द सघंठन के चैन्नई प्रभारी खेताराम गेहलोत नारायणलाल चोयल ने भाग लिया इस मेहत्पुण बैठक मे सघंठन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द ने तामीलनाडु सरकार के वाणिज्य मंत्री मुरती से तामीलनाडु मे गिरवी कि दुकाने तुरन्त खुलवाने कि मांग पुर जोर तरीखे से रखी उस मांग को तामीलनाडु सरकार ने तुरन्त मानते हुऐ तामीलनाडु सरकार ने प्रदेश मे गिरवी ऐवम ज्वेलर्स दुकाने खोलने का आदेश आज साम जारी कर दिया गया




### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का रक्तदान शिविर हुआ सम्पन्न

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के मार्गदर्शन में दिनांक 26 जून2021 (शनिवार) को प्रातः 10 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर के तत्वाधान में जिला चिकित्सालय श्योपुर में रक्तदान शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी कुमारी विभूति तिवारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ जहा जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ शिविर में उपस्थित कुमारी विभूति तिवारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी, डाक्टर मुकेश मीणा, लक्ष्मण सिंह गुर्जर, नर्स स्टाफ मानसी, मंजला दीदी पीएलवी टीकासर बंसल अभिषेक मौर्य, अंजना मारवाड़ी, कमल जाटव,सुभम गुप्ता, ओमप्रकाश , आदि उपस्थित थे!

### यातयात पुलिस ने क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए चलाया ख़ास अभियान

**उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।।** जिले के अंदर आये दिन बाहनों पर लगे हूटर ओर बड़े बड़े हॉर्न साथ ही ब्लेक फ़िल्म लगे कांच का चलन कुछ ज्यादा ही चल रहा है ।जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह अतरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार ख़रपुसे के द्वारा निर्देश किया गया है ।काली फ़िल्म हूटर लगी हुई कार,स्कार्पियो वैन आदि पर यातयात विभाग कार्यबाही करे। जिससे जनता में पुलिस और आम ब्यक्ति के बाहन को समझा जा सके उसी निर्देश का पालन करते हुए यातयात प्रभारी रणजीत सिकरवार,नीरज शर्मा गौरी शंकर यादव फिरोज खान आदि जवानो के साथ सिटी कोतवाली पर बाहनों को रोक कर फ़िल्म व हूटर उतारे।और चालान भी किये।करीव 52 बाहनों पर कार्यबाही कर 16000 का समन शुल्क बसूल भी किया है साथ ही यातयात सूबेदार नीरज शर्मा के द्वारा बताया गया अब निरन्तर ऐसे बाहनों को बख्शा नहीं जाएगा जो काली फ़िल्म और पुलिस के सायरन का हूटर लगा कर घूमते है ।

# छह माह की गुनगुन को मिला नया जीवन

### आरबीएसके के तहत हृदय रोग से ग्रसित बच्ची की जयपुर के निजी अस्पताल में हुई सर्जरी, लॉकडाउन में बच्ची का फ्री में हुआ हृदय का ऑपरेशन

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**



**पाली** / पाली जिले के रानी ब्लॉक की पुनाड़िया गांव में छह माह पूर्व जन्मी गुनगुन के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम नया जीवन लेकर आया है। हृदय रोग से ग्रसित छह माह का कोरोना काल में जयपुर स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल जयपुर में निःशुल्क सफलता पूर्वक ऑपरेशन हुआ है।

सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने बताया कि पाली जिले के रानी ब्लॉक के अंतर्गत पुनाड़िया गांव के रहने वाले भगाराम देवासी के यहां छह माह पूर्व एक बच्ची, जिसका नाम गुनगुन का जन्म हुआ। बच्ची को दूध पीने में परेशानी हो रही थी, शरीर भी नीला पड़ जाता, वजन भी नहीं बढ़ पा रहा था तथा अन्य कई बीमारी से ग्रसित होना बताया जा रहा था। इसके लिए गुनगुन के पिता कई जगह डॉक्टरों को दिखाया गया। मगर इलाज लागू नहीं हो पाया। इस दौरान गुनगुन का नामांकन पुनाड़िया गांव के आंगनवाड़ी द्वितीय में कार्यकर्ता इंदूबाला व आशा सहयोगिनी रंजन सुथार द्वारा इस केंद्र पर अंकित करवाया गया। इस आंगनवाड़ी में टीकाकरण सहित अन्य कार्यों की वजह से वहां पर कार्यरत एएनएम रतन मकवाना की विजिट होती रहती। बच्ची की हालत देखकर एएनएम मकवाना ने इनके परिजनों से बीमारी के बारे में पता किया। हालांकि गुनगुन के पिता की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण वह महंगा इलाज करवाने में असमर्थ था। क्योंकि गुनगुन के पिता भगाराम मुंबई में चाय की दुकान चलाता है। परिजनों से बातचीत के दौरान एएनएम ने रानी ब्लॉक में कार्यरत आरबीएसके टीम से मिलने एवं इस बारे में आरबीएसके टीम को सूचित किया। आरबीएसके टीम में डॉ.हरमत परमार, डॉ.नीतू राठौड़, डॉ.शांतिलाल व डॉ.मोहसिन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्ची की स्वास्थ्य जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानी पर बच्चों के डॉक्टर से करवाई। वहां के डॉक्टर की सलाह पर रानी बीसीएमओ डॉ.जितेन्द्र पुरोहित के नेतृत्व में टीम ने जिला स्तर पर आरसीएचओ डॉ.उजमा जबीन, आरबीएसके के एडीएनओ डॉ. शिवशंकर शर्मा, डीआईसी सेंटर समन्वयक अजरुदीन, विनोद पुरोहित से संपर्क कर बच्ची के स्वास्थ्य जांच के लिए जिला अस्पताल पर लाया गया तथा ऑपरेशन के लिए इस बच्ची के दस्तावेज तैयार कर राज्य सरकार द्वारा एम्पेनल्ड फोर्टिस हॉस्पिटल जयपुर भिजवाए गए। जिसका हाल ही में 21 जून को सफलतापूर्वक हदय का ऑपरेशन हुआ। बालिका गुनगुन को नया जीवन मिलने पर इनके पिता भगाराम देवासी ने पाली सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा एवं चिकित्सा विभाग का आभार व्यक्त किया है।

# जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित




**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

**उज्जैन(पुष्पांजली टुडे)।** उच्च न्यायालय जबलपुर व मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एन पी सिंह मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर में आज रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में सभी न्यायाधीश गण तथा न्याय विभाग के कर्मचारी और अभिभावकों द्वारा रक्त दान देकर महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। सर्वप्रथम अपर न्यायाधीश अम्बुज पांडे द्वारा रक्तदान किया गया दूसरे स्थान पर अपर जिला न्यायाधीश वैभव मंडलोई द्वारा और तीसरे स्थान पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दिलीप दुबे ने रक्तदान किया। इसके बाद जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलीप सिंह मुजाल्दे, नीलेश कुमार राउत द्वारा रक्तदान कर एक अच्छा संदेश दिया गया। इसके बाद सभी न्यायाधीशों तथा महिलाओं , पुरुषों ने मिलकर इस बार रक्तदान में भागीदारी निभाकर साबित कर दिया है कि रक्त देने में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती है। रक्तदान महादान शिविर में लगभग 25 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया।

# कोरोना महामारी संक्रमण की तीसरी लहर को देखते हुए ड्रोन से सैनेटाइजर का छिड़काव कराया



**नेनाराम सिरवी , पुष्पांजली टुडे**

**पाली** / राजस्थान कोरोना महामारी का भयावह संक्रमण की तीसरी लहर का खतरा मंडराने लगा है वही हालही में पाए गए कोरोना के नए डेल्टा प्लस वेरिएंट ने लोगों की चिंताए बढा दी है । इसी पर ध्यान में रखते हुए रोकथाम पर जालोर सिरोही सासंद साहब देवजी भाई पटेल के नेतृत्व मे पुरे जिला मे सार्वजनिक स्थानों पर ड्रोन से सैनेटाइजर का छिड़काव कराया जा रहा है जिसमें यह जानकारी भाजपा नेता हरिभाई पटेल रूपावास ने बताया है कि भीलमाल मे गवर्नमेंट अस्पतालों को लेकर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र के मुख्य धार्मिक व सार्वजनिक स्थानों सहित कई प्रकार की जगह पर कार्यकर्ताओं की प्रेरणा से ड्रोन से सैनेटाइजर का छिड़काव कराया जा रहा है इस मौके के दौरान पर जिला प्रमुख राजेश जी राणा, विधायक पूराराम चौधरी, उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश चौधरी, पैनलिस्ट सावलराम देवासी, ब्लाक सीएमचओ दिनेश बिश्नोई, डॉ जागिड मण्डल श्री महेन्द्र सोलंकी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं

# क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा- विधायक मेवाराम जाटव

### नपा की सीसी रोड का विधायक ने किया भूमिपूजन

**मोहन मांझी रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**



**गोहद।** विधायक मेवाराम जाटव के प्रयासों से वार्ड क्रमांक 2 उपरजिस्ट्रार कार्यालय के आगे पातीराम बाथम के मकान से बंधा की पार के अंदर भानु कुशवाह के मकान तक 370 मीटर लंबी एवं साडे 5 मीटर चौड़ी रोड का भूमि पूजन आज स्थानीय विधायक मेवाराम जाटव के द्वारा किया गया इस दौरान विधायक मेवाराम जाटव ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी मैंने 100 हेड पंपों की सूची बनाकर कलेक्टर को भेजी है जिसमें से 50 हैंडपंप विधायक निधि से एवं 50 पीएचई विभाग से लगवाने की मांग की गई है इसी प्रकार 50 रोडों की भी सूची मेरे द्वारा कलेक्टर को दी गई है जिन्हें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क, सुडूल सड़क योजना के अंतर्गत बनाए जाने की मांग की है इसी प्रकार क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भूमि पूजन के समय देवी सिंह तोमर, साबू खान, रमजान खान, कैलाश माहौर, विधायक प्रतिनिधि दारा सिंह, मनोज गुप्ता, नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह परिहार, बबलू बरैया, जिला सचिव युवा कांग्रेस भिंड उदय परिहार, काजी लालुद्दीन, धर्मेंद्र माहौर, सुनील माहौर, दीपक बघेल, विष्णु बघेल, ठेकेदार राम सेवक मुदगल, आदि लोग मौजूद रहे।

नगर उपाध्यक्ष ने विधायक को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर किया स्वागत- नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष युवा नेता राजेंद्र सिंह परिहार जिला सचिव युवा कांग्रेस भिंड ने रोड के भूमि पूजन के पश्चात अपने निवास स्थान पर स्थानीय विधायक मेवाराम जाटव का श्रीफल एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी एवं उन्हें हल कराने का सभी को आश्वासन दिया।

# जनता से धोखा करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर ने की कठोर कार्रवाई

### (कालाबाजारी, मुनाफाखोरी करने वाले चार राशन दुकान संचालकों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज)

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

**भोपाल(पुष्पांजली टुडे)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अविनाश लवानिया ने आम जनता के राशन की कालाबाजारी करने और मुनाफाखोरी करने पर कार्रवाई करते हुए 4 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालकों के विरूद्ध जेल मे निरुद्ध रखने के आदेश जारी किए है। इसके साथ ही चारो दुकान संचालकों के विरुद्ध संबंधित थाने में एफ आई आर भी दर्ज की गई है।

भोपाल जिले में इस प्रकार की यह अभी तक की पहली कार्रवाई है।कलेक्टर भोपाल ने कठोर कार्रवाई करते हुए चोर बाजारी निवारण और अत्यावश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम 1980 के अंतर्गत आवश्यक वस्तुओं का सार्वजनिक वितरण बनाये रखने के प्रतिकूल एवं अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के विपरीत आचरण कर मुनाफा कमाने तथा इस अधिनियम के प्रावधानों को निष्फल करने की दृष्टि से किये जा रहे कृत्य पर चारो दुकान संचालक को जेल में निरूद्ध करने के आदेश पारित किये हैं ।प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति गुनगा द्वारा संचालित शा.उ.मू. दुकान पारदी दुकान कोड क्र . 2802108 के विक्रेता श्री विजेन्द्र पिता भुजवल सिंह निवासी पारदी तहसील बैरसिया जिला भोपाल एवं सहायक श्री आरिफ खां पिता नफीस खां निवासी बैरसिया तहसील बैरसिया जिला भोपाल के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति रतुआ रतनपुर द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान रतुआ रतनपुर दुकान कोड क्र . 2802004 के विक्रेता गंगाराम प्रजापति पिता घासीराम प्रजापति निवासी रतुआ रतनपुर तहसील बैरसिया जिला भोपाल के विरुद्ध पुलिस थाना गुनगा तहसील बैरसिया जिला भोपाल में दर्ज अपराध में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ।

सेवा सहकारी समिति कुठार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान निपानियाजाट दुकान कोड क्र . 2801006 के विकेता देवेन्द्र सिंह जाट पिता श्री बलवंत सिंह निवासी निपानियाजाट तहसील हुजूर जिला भोपाल और सेवा सहकारी समिति कुठार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान चंदेरी दुकान कोड क्रमांक 2801005 के विक्रेता सुरेश उपाध्याय पिता रामधार उपाध्याय निवासी 47. सूरज नगर भदभदा रोड भोपाल के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है इन सभी को जेल में निरुद्ध रखने के आदेश भी दिए है।

# कानून मंत्री के जन्मदिन पर जनपद में बांटे फल व मास्क

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा।** राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा के पदाधिकारियों ने शुक्रबार को कानून मंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक का जन्मदिन फल व मास्क वितरण कर मनाया।

इस दौरान पदाधिकारियों ने शहर के बाजार और नगर में लोगों को मास्क वितरण किया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं भाजपा जिला मंत्री विनीत भारद्वाज और राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा एटा के पदाधिकारियों ने मास्क एवं फलों का वितरण किया।

शहर के बिभिन्न चौराहे पर राहगीर, ठेले कारोबारियों एवं मजदूरों को मास्क बांटे। इसके साथ ही फल और मास्क वितरित किए साथ ही राष्ट्रीय संगठन मंत्री विनीत भारद्वाज ने लोगों को वैक्सीन के लिए जागरुक किया और कहा कि वैक्सीन लगवाकर कोरोना से सुरक्षित रह सकते हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष आशू पाराशर जिला उपाध्यक्ष दीपक दीक्षित जिला संगठन मंत्री प्रभात त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष राजीव मिश्रा प्रचार प्रसार मंत्री राजीव शर्मा, राहुल पाराशर, वैभव मिश्रा, गौरव भारद्वाज, अहम पाराशर, प्रशांत, अबनीश पाराशर सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा पंजीकृत के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह राजावत जी के नेतृत्व में सफलता के एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यों की हुई समीक्षा

**संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

**ग्वालियर** / गौरतलब है कि 28जून 2020 को राजावत जी को क्षत्रिय समाज के प्रति निष्ठा और सामाजिक सक्रियता को देखते हुए संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय संरक्षक श्री अशोक सिंह भदोरिया जी पूर्व सिटी एसपी ग्वालियर की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह राणा जी ने सर्व सहमति से मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व अपने कुछ चुनिंदा साथियों के साथ सम्भाला था।

जिसमें श्री योगेंद्र सिंह कुशवाहा श्री हरि सिंह सिकरवार श्री पप्पू सिंह परिहार श्री वेद प्रकाश सिंह राजावत श्री धर्मेंद्र सिंह परमार जी श्री शैलेश सिंह राजावत श्री अरविंद सिंह सेंगर श्रीमती नीतू सिंह तोमर जी श्री महेष सिंह तोमर श्री विपिन सिंह सिकरवार श्री विकास सिंह कुशवाहा श्री हनुमत सिंह चौहान संतोष सिंह दीखित जी एवं अन्य साथियों के परिश्रम एवं संयोग से संगठन को प्रदेश के 40 जिलों में खड़ा किया।

प्रत्येक जिले में समाज के महापुरुषों और वीरांगना एवं स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों के बलिदान दिवस एवं जन्म जयंती समय-समय पर मनाई गई।

प्रत्येक महीने में संगठन की दो से तीन बैठकों का आयोजन किया गया जिसमें नशा मुक्ति मृत्यु भोज विधवा विवाह एवं राष्ट्रहित ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देने के एजेंडा प्रदेश स्तर पर चलाया गया।

एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर शहीद परिवारों के परिजनों को प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में 51, 51 हजार का चेक वितरण का कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया एवं प्रदेश में जो भी शहीद सैनिक हुए हैं उनके परिवारों को संगठन की तरफ से तय धनराशि ज्यादातर संज्ञान में आने पर दी गई।

हत्या बलात्कार और राष्ट्र द्रोही तत्वों पर समय-समय पर ज्ञापन एवं धरना प्रदर्शन करके विरोध किया गया।

कंगना रनौत के मैटर में पूरे प्रदेश में उद्धव ठाकरे के पुतले दहन एवं सपोर्ट में ज्ञापन दिए गए।

नोएडा में निकिता तोमर के हत्या के विरोध में कैंडल मार्च और ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई एवं परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और सरकारी नौकरी एवं सुरक्षा की मांग की गई।

**श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा**

भोपाल में किरण राजपूत नामक समाज की गरीब बालिका के पिता के हत्यारों को संगठन के दबाव एवं ज्ञापन के माध्यम से पुलिस प्रशासन को सक्रिय करके उन पर कार्यवाही करवाई गयी। सेवा नगर ग्वालियर में 3 साल की बच्ची के साथ मुस्लिम युवक के द्वारा रेप की घटना पर कैंडल मार्च एवं ज्ञापन देकर न्याय की मांग की गई। महाराणा प्रताप पृथ्वीराज चौहान मिहिर भोज प्रतिहार झांसी की रानी लक्ष्मी बाई महाराज छत्रसाल बुंदेला महाराज विक्रमादित्य परमार जी की जन्म जयंती और बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिवपुरी इंदौर और ग्वालियर मैं रक्तदान किया गया। सर्दियों में गरीबों के लिए निशुल्क कपड़ा बैंक खुलवाए गए। कुरौना काल में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण कार्य प्रदेश के कई जिलों में करवाए गए। 2020 से 2021 तक जब भी देश पर संकट का समय रहा बेसहारा गरीबों को भोजन वितरण एवं राशन वितरण के कार्य किए गए।

संगठन के द्वारा कई कोरोनावायरस पॉजिटिव गरीबों को ऑक्सीजन एवं प्लाज्मा उपलब्ध करवाया गया।

राम मंदिर निर्माण की आधारशिला रखे जाने पर संपूर्ण प्रदेश में भव्य रैली एवं कार्यक्रम के आयोजन किए गए। मंदिर निर्माण के लिए संगठन के द्वारा आर्थिक धन राशि जिले स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक दी गई।

समाज के कई निर्दोष युवाओं पर लगे फर्जी मुकदमों का विरोध कर राजीनामा या दोबारा से जांच के आदेश करवाए गए।

देवास जिले में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह कछवाह के माध्यम से राजपूत समाज के व्यक्ति पर जानलेवा हमले मैं धारा 307 मैं मुकदमा पंजीकृत करवाया गया

सोशल मीडिया पर क्षत्रिय समाज के खिलाफ अभद्र वीडियो या अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों पर कानूनी कार्यवाही समय-समय पर करवाई गई।

एवं संगठन में आपसी भाईचारा प्रेम एवं सौहार्द बना रहे इसके लिए समय-समय पर जिले वाइज पदाधिकारियों के जन्म दिवस एवं दुख सुख में उपस्थित हुए। प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह राजावत जी ने इन कार्यों का श्रेय अपने सभी जिला अध्यक्ष सभी महिला जिला अध्यक्ष प्रदेश के पदाधिकारी एवं संगठन के प्रत्येक सामान्य सदस्य से लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व को दिया है। और कहां है आप हैं तो संगठन है एक अकेला व्यक्ति प्रत्येक क्षेत्र में शून्य के बराबर होता है जब तक समाज का सपोर्ट ना हो तब तक कोई भी व्यक्ति किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता है।

एवं समस्त मीडिया और पत्रकार बंधुओं को धन्यवाद दीया मुख्य रूप से दैनिक मध्य राज प्रिंटिंग प्रेस ग्वालियर, पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ ग्वालियर, एक्सल समाचार एवं प्रॉपर न्यूज और संगठन के मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया , शोशल मीडिया प्रभारी श्री गुलशन सिंह भदौरिया। आप सभी ने समय-समय पर हमारे कार्यों की सराहना की और लोगों तक पहुंचाया । उसके लिए हमारा संगठन आप सभी को धन्यवाद देता है ।

### तीन महिलाओं सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार

# फर्जी मैरिज ब्यूरो बनाकर शादी का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

**एटा।** योगेश कुमार विश्वकर्मा पुत्र राम कुमार विश्वकर्मा निवासी कृष्णा विहार कालोनी थाना कोतवाली नगर द्वारा थाना कोतवाली नगर पर इस आशय की सूचना दी गई कि परफैक्ट साथी डॉट कॉम नामक मैरिज ब्यूरो द्वारा वादी की शादी करवाने का झांसा देकर कुछ लोगों ने वादी से लगभग 1,13,500 रुपये ठग लिए है। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 473/21 धारा 420 भादवि तथा 66डी आई0टी एक्ट पंजीकृत किया गया।

पंजीकृत अभियोग के मामले को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद एटा द्वारा गंभीरता से लेते हुए टीम गठित करते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर तथा जनपदीय साइबर सेल को घटना के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। शनिबार जून को थाना कोतवाली नगर पुलिस तथा साइबर सेल द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही में 3 महिलाओं सहित चार अभियुक्तों राजकुमार खांडे पुत्र




ओमप्रकाश निवासी घोर बंदा थाना लोहनी जिला मुंगेली राज्य छत्तीसगढ़

मुस्कान पुत्री ओम प्रकाश पत्नी राजकुमार खांडे निवासी 17/360, राजनगर थाना लोहामंडी आगरा

रक्षा कुमारी पुत्री संजय निवासी 46/85 जगदीशपुरा थाना जगदीशपुरा जनपद आगरा रूबी पुत्री महेंद्र सिंह निवासी 25/113 नयाबास मोहल्ला जोगिया थाना लोहामंडी आगरा को रोडवेज बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की जामातलाशी तथा मौके से 16 मोबाइल फोन, 2 कम्प्यूटर, 9 मोबाइल चार्जर, डाटा केबिल्स तथा 15000 रुपये नगद बरामद किये गये हैं।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है जो परफैक्ट साथी डॉट कॉम नाम से फर्जी मैरिज ब्यूरो चलाकर लोगों को शादी कराने का झांसा देकर उनसे रुपयों की ठगी करते हैं। इसका ऑफिस जयपुर हाउस लोहा मंडी जनपद आगरा में है।योगेश द्वारा वर्ष 2016 में गूगल पर परफेक्ट शादी डॉट कॉम नामक मैरिज ब्यूरो की साइट पर रजिस्ट्रेशन किया गया था।10 फरवरी को योगेश के फोन पर मैरिज ब्यूरो से एक लडकी काजल का फोन आया जिसने खुद को परफेक्ट शादी डॉट कॉम मैरिज ब्यूरो छत्तीसगढ़ से बोलना बताया तथा मैरिज ब्यूरो का संचालक अविनाश का नाम बताया, और वादी को कई रिश्तों के बारे में जानकारी दी। वादी ने बातचीत करने के दौरान एक रिश्ता जो सुनीता पुत्री भानू शर्मा निवासी गॉधीनगर, बाराबंकी के नाम के पते से बात करने व मिलने की इच्छा जाहिर की तो काजल ने वादी की बात सुनीता तथा उसके पिता से कराई। जब योगेश ने काजल से कहा कि वह सुनीता और भानू शर्मा से मिलना चाहता है तो काजल ने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर योगेश से 10000 रुपये फीस जमा करने को कहा। योगेश ने काजल की बातों में आकर रजिस्ट्रेशन की फीस ऑनलाइन एक साइबर कैफे से परफैक्ट साथी डॉट कॉम मैरिज ब्यूरो के एकाउण्ट में जमा करा दी।

इसके बाद काजल ने 20 फरवरी को योगेश तथा सुनीता की कानपुर में मीटिंग तय कर दी। 20 फरवरी को जब सुनीता ने पिता की तबीयत खराब होने तथा आपरेशन का हवाला देते हुये योगेश से कई बार अलग-अलग दिनों में कई किश्तों में कुल 1,03,500 रुपये ठग लिये। रुपये देने के बाद योगेश द्वारा जब सुनीता से फोन द्वारा संपर्क किया गया तो उसने अपना फोन बन्द कर लिया। इ स प्रकार जब वादी को इस बात का भरोसा हो गया कि उसके साथ कुल 1,13,500 रुपये की ठगी हो गयी है तो 6 जून को वादी ने थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कराया। इस गिरोह द्वारा इस घटना से पूर्व नरेन्द्र कुमार निवासी गाजियाबाद से 30000 रुपये तथा श्री जयप्रकाश निवासी पटियाला, पंजाब से 26000 रुपये की ठगी की है। अभियुक्ता रुबी व रक्षा अपनी शादी करने के लिये पैसे की जरुरत के चलते तथा अभियुक्त राजकुमार व मुस्कान जो आपस में पति-पत्नी हैं ने अपने घर का खर्च चलाने के लिये फर्जी मैरिज ब्यूरो चलाने का रास्ता अपनाया।

# गिट्टी से भरा डम्फर पलटा गया बड़ा हादसा टला

संतोष सिंह भदौरिया



पुष्पांजली टुडे न्यूज़

भिंड/गोरमीनगर के कचनाव रोड स्थित राम अबतार भदौरिया का पूरा परिवार लाइट कटौती ओर गर्मी की बजह से घर के दरवाजे पर अपनी अपनी खटिया पर सो रहा था इसी बीच देर रात एक गिट्टी से भरा डम्फर उनके दरवाजे पर बैक होने लगा बैक करते समय डम्फर का संतुलन बिगड़ गया और बो राम अबतार भदोरिया के दरवाजे सड़क किनारे पलट गया लेकिन गनीमत इतनी रही कि बगल में सो रहे बच्चे बुजुर्ग उसकी चपेट में आने से कुछ ही फ़ीट दूर पर रह गये अन्यथा गोरमी में एक बडा हादसा हो जाता।

# जिला पंचायत पद हेतु चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

### उम्मीदवार की वापिसी 29 को, मतदान 3 जुलाई को कराया जाएगा सम्पन्न

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

**एटा।** अध्यक्ष जिला पंचायत एटा के पद हेतु श्रीमती रेखा ने दो सेट में, सोनी यादव ने एक सेट में, विनीता ने एक सेट में तथा गीता देवी ने एक सेट में जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में अपने प्रस्तावक, अनुमोदक सहित स्वयं उपस्थित होकर जिला मजिस्ट्रेट निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में नामांकन पत्र प्रस्तुत करने हेतु समय व्यतीत होने के उपरान्त अपरान्ह 3 बजे के बाद नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान रेखा द्वारा गीता देवी एवं विनीता के नामांकन पत्र पर इस आशय से आपत्ति प्रस्तुत की गई कि उक्त दोनों प्रत्याशियों के प्रस्तावक एक ही हैं तथा अनुमोदक दोनों प्रत्याशी एक दूसरे के हैं। निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह कहते हुए आपत्ति का निस्तारण किया गया कि प्रस्तावक एवं अनुमोदक का नाम उत्तर प्रदेश जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन एवं निर्वाचन विवादों का निपटारा नियमावली, 1994 के नियम 6 के अधीन तैयार की गई सदस्यों की सूची में होना आवश्यक है। तद्नुसार अनुमोदक एवं प्रस्तावक दोनो का नाम सूची में है। तद्नुसार चारों प्रत्याशियों को विधिमान्य घोषित किया गया। जिला मजिस्ट्रेट निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि 29 जून 2021 को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जिला मजिस्ट्रेट एटा के न्यायालय कक्ष में उम्मीदवार की वापिसी की सूचना किसी उम्मीदवार, उसके प्रस्तावक या अनुमोदक द्वारा दी जा सकती है। यदि निर्वाचन में विरोध होगा तो मतदान 3 जुलाई 2021 को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे के बीच जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाएगा तथा मतगणना उसी दिन उक्त स्थान पर अपरान्ह 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक की जाएगी। इस अवसर पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्र, एएसपी ओपी सिंह, एसडीएम सदर अबुल कलाम, एएसडीएम राजीव पाण्डेय, अलंकार अग्निहोत्री, विवेक राजपूत, राकेश कुमार त्यागी, क्षेत्राधिकारी राज कुमार सिंह, एडीईओ सुधाकर मैथिल, थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने जरूरंतमदो को खाद्य सामग्री विवरण किया



नारायल लाल ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

मैसूरु ~ कन्नड़ सिनेमा के चैलेंजिंग स्टार दर्शन अभिमानी संघ की ओर से शिवरामपेट स्थित राजकमल व लक्ष्मी सिनेमाघर के कार्मिकों को राशन सामग्री किट वितरित किए गए द्य मैसूरु शहर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व महापौर ध्रुव कुमार ने अपने विचार व्यक्त किये द्य इस अवसर पर राजकमल सिनेमा घर के मालिक जीवनराम, पर्यावरण जागृती वेदिके के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपुरोहित, दर्शन अभिमानी संघ के सदस्य परमेश,हरीश नायडू,विक्रम अयंगर आदि मौजूद रहे ।

# तीन दिन में 650 ग्रामीणो को लगाई वैक्सीन

### वैक्सीनेशन को लेकर ग्राम अमाहा में ग्रामीणों में जागरूकता

दबोह(अर्पित गुप्ता)

नगर दबोह एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैक्सीन महाअभियान चलाया जा रहा है ग्राम पंचायत अमाहा के व्यक्तियों में जागरूकता भी बड़ी हुई है यह जागरूकता में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी, सेकेट्री, सरपंच की मेहनत से देखने को मिल रही है जन चौपालों पर जाकर ग्रामीणो को बैक्सीनेशन के बारे में समझाया जा रहा है वही आज यह अभियान सुरक्षा का है इसको सफल बनाओ को लेकर आज सुबह पुनः ग्राम अमाहा में सेकेट्री,पटवारी आदि पहुँचे ग्राम वासियों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया इस कारण ग्रामीणो में जागरूकता बढी एवं इस महाभियान को सफल बनाया संक्रमण को भगाने के लिए वैक्सीन सेंटर पर अधिक संख्या में पहुँच कर ग्रामीणों ने बैक्सीन लगवाई।



इस दौरान कौन कौन रहा मौजूद

अशोक पाराशर सचिव,विनीत कौरव रोजगार साहिका,पटवारी नरेंद्र राजावत,डॉ पर्वत सिंह , बी.एल.ओ वीरेंद्र सिंह , राजनारायण दोहरे एवं सरपंच बैकुंठी पचौरी,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि लोग सेन्टर पर उपस्थित रहे।

लहार क्षेत्र के टॉप लिस्ट में आया ग्राम अमाहा का नाम

बता दे कि ग्राम अमाहा को भी तक तीन बैक्सीन सेंटर बनाया गया जिसमे पहली बार 150 दूसरी बार 250 तीसरी बार 250 का लक्ष्य पार के लहार क्षेत्र बैक्सीन सेंटर टॉप रहा जिसको लेकर अधिकारियों ने कर्मचारियों एवं ग्रमीणो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बच्चो की समस्याओ को जानने के लिये चाइल्डलाइन ने किया:ओपनहाउस प्रोग्राम

### 2 बच्चो का करवाया स्कूल में एडमिशन

*पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक की रिपोर्ट*



श्योपुर चाइल्डलाइन टीम द्वारा गांव- दलारनामें बच्चो को स्वयं की सुरक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता के बारे मे जागरूक करने व उनकी समस्याओ की जानकारी लेने के लिये ओपन हाउस प्रोग्राम किया गया।

कार्यक्रम के दौरान चाइल्डलाइन टीम सदस्यो द्वारा बच्चो व माताओ को चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 के बारे मे जानकारी दी गयी इसके साथ ही बच्चो को अच्छे-बुरे स्पर्श व लापता स्थिति में चाइल्डलाइन की मदद किस प्रकार से ली जा सकती है इस बारे मे बताया गया।

इसके साथ ही बच्चो को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी दी गयी एवं इसके साथ ही कोरोना से बचाव के लिये उपस्थित लोगों को कोरोना का टीका लगवाने के बारे में कहा गया।

इसके पश्चात टीम द्वारा बच्चो की समस्याओं के बारे में पूछा गया तो इस दौरान वहा उपस्थित लोगो ने बताया कि 2 बच्चों का स्कूल एडमिशन करवाना इसकी जानकारी दी गयी। टीम सदस्यों द्वारा स्कूल प्राचार्य से बात कर 2 बच्चों का स्कूल में एडमिसन करवाया

इस दौरान चाइल्डलाइन समन्वयक विप्लव शर्मा, काउंसलर कृति चैहान, टीम सदस्य गौरव आचार्य, सत्येन्द्र सिंह, राजेश मीणा, सुमनलता श्रीवास्तव, राधा कुशवाह, कौशल शर्मा,ज्योति रजक, प्रेमचंद बैरवा उपस्थित रहे।

# पिता ने रिश्ता किया कलंकित 18 वर्ष की बेटी के साथ किया दुष्कर्म

मोहन मांझी,पुष्पांजली टुडे

गोहद थाना क्षेत्र के हाबीपुरा गांव में रिश्ते को तार-तार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक कलयुगी पिता ने अपनी बेटी को हवस का शिकार बनाया है। बेटी अपनी छोटी बहन के साथ घर के आंगन में सो रही थी। रात के अंधेरे में पिता ने बेटी को मुह दबाकर अपनी हवस का शिकार बना डाला। सुबह बेटी ने अपनी मां और चाची को पूरी घटना बताई। इसके बाद मामला पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने पापी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। स्छहक्क नरेंद्र सोलंकी के मुताबिक 46 वर्षीय आरोपी पिता हर रोज की तरह शुक्रवार की रात को भी घर पर शराब पीकर आया। घर आकर उसने शराब के नशे में कलह मचाना शुरू कर दिया। पहले उसने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की। मां को पिटता हुआ देखा तो 18 वर्षीय बेटी ने विरोध किया। इस दौरान बेटी और पिता के बीच विवाद हुआ। घर परिवार व मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए।

# मनरेगा मजदूरी के खातों से सहायक सचिव ने निकाली राशि

### मजदूरों को पता नही कब खुले फिनो बैंक में खाते

पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक की रिपोर्ट*

मामला करहाल जनपद की ग्राम पंचायत लहरोनी का है जहा सहायक सचिव द्वारा मनरेगा के तहत फिनो बैंक में मजदूरों के खाते खुलवाकर स्वयं राशि निकली जा रही है।जहा मजदूरों को यह पता भी नही की कब उनके खाते फिनो बैंक में खोले गए,सच पूछे तो कराहाल जनपद की अनेको पंचायतो में फर्जी मस्टरोल भरकर सचिव और सहायक सचिव द्वारा मनरेगा मजदूरी का भुगतान स्वयं प्राप्त किया जा रहा है।जबकि सरकार ने मनरेगा के तहत स्थानीय मजदूरों को मजदूरी देने के उद्देश्य




मनरेगा के तहत करोड़ो के कार्यो को स्वीकृति प्रदान की है जिससे कि मजदूरों को पलायन करने से रोका जा सके,मगर मजदूरों के हक पर सहायक सचिव द्वारा ढांका डाला जा रहा है इतना ही नही लहरोनी ग्राम पंचायत सह सचिव पंकज मंगल का कहना है कि मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता मैं ऊपर तक हिस्सा देता हूं यही कारण है जहा सहायक सचिव के हौसले बुलंद बने हुए है।अब देखने वाली बात यह है कि सहायक सचिव के कहे अनुसार जब ऊपर तक मनरेगा मजदूरी का बंदर बाट किया जा रहा है तो ऐसे में न्याय करेगा कोन!

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर कार्यक्रम

अमन राय ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

**शिल्पांचल ।** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस का पालन किया गया. इस अवसर पर विभिन्न थाना अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया था.वहीं दूसरी ओर केंद्रीय रिजर्व बल दुर्गापुर ने भी अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस एवं अवैध व्यापार को वर्तमान में कोविड-19 के दिशा निर्देश को ध्यान में रखते हुए मनाया गया 7 श्री देवव्रत भट्टाचार्य पुलिस उप महानिरीक्षक,केंद्रीय रिजर्व बल दुर्गापुर की अगुवाई में लोगों को नशे से मुक्त करने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से संबंधित बैनर, पोस्टर्स, एवं हैण्डविल के साथ एक जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया 7 जिसमें कमांडेंट श्री



रामनिवास सेखु, उप कमांडेंट श्री एस.सी घोष, श्री धर्मेन्दु पाठक, श्री एस. के. राय सहित अन्य अधिकारियों एवं श्रमिकों ने हिस्सा लिया 7 जागरूकता रैली ग्रुप केंद्र, दुर्गापुर से प्रारंभ होकर अमरावती मोड के रास्ते ड्ढ1 फुलझोर मोड़ व भगत सिंह मोड़ मैं समाप्त हुई. रैली के दौरान रास्ते एवं चौराहों पर लोगों में जागरूकता हेतु हैण्डबिल बांटा गया 7 ग्रुप केंद्र परिसर में कर्मीको एवं कैंप परिसर में रहने वाले बच्चों को जागरूक करने के लिए मनोरंजन कक्ष मैं एक सभा का आयोजन किया गया जिसने ग्रुप केंद्र दुर्गापुर के उपनि0 / फर्मा0 इन्द्रजीत मंडल द्वारा सभी कर्मीको को एक पावर पॉइन्ट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस एवं अवैध व्यापार के संबंध में जागरूक कराया गया ।

# ओपीएस भदौरिया को लेकर अचानक सिविल अस्पताल का निरीक्षण करने पहुँचे अशोक चौधरी

### स्थानीय भाजपा नेताओं से घर घर जाकर की मुलाकात

### पहलवान उपाध्याय दाऊ के यहां पुत्र शोक में सम्बेदना ब्यक्त करने पहुँचे मंत्री ओपीएस भदौरिया

लहार(अर्पित गुप्ता)

एक स्थानीय कार्यक्रम में असवार शामिल होने आए नगरीय प्रशासन मंत्री ओपीएस भदौरिया को लेकर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चौधरी सिविल अस्पताल लहार का निरीक्षण करने पहुँचे ओर ब्यबस्थाये देखी जहां उन्होंने मरीजों से उनका हालचाल जाना एवम कुपोषित वार्ड में बच्चों को एवम उनके लिए बनने बाले भोजन की ब्यबस्था खुद टेस्ट करके देखी तो उन्होंने लहार बीएमओ शैलेन्द्र पाण्डेय से स्टाफ एवम महिला डॉक्टर की स्थिति जानी ओर जल्द ही स्टाफ पूरा कराने एवम महिला डॉक्टर की परमानेंट ब्यबस्था कराने का अस्वासन दिया इस मौके पर उनके साथ स्थानीय भाजपा नेता एवम एस.डी.एम आर.ए प्रजापति एवम एसडीओपी अवनीश बंसल प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

पहलवान उपाध्याय दाऊ निबास पर पहुँचे मंत्री एवम प्रदेश कार्य समिति सदस्य

लहार क्षेत्र के बरिष्ठ पहलवान उपाध्याय दाऊ निबास पर नगरीय प्रशासन मंत्री ओपीएस भदौरिया एवम प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चौधरी पहुँचे जहां बिगत कुछ दिन पूर्व कोरोना काल मे



उनके पुत्र शिवप्रसाद उपाध्याय के देहांत पर शोक सम्बेदना ब्यक्त कर परिजनों को ढांढस बंधाया एवम उनके 9 बर्षीय पुत्र गोपाल को बुलाकर हर सम्भव मदद का अस्वासन दिया इस मौके पर उनके साथ क्षेत्रीय नेता भी मौजूद रहे।

अचानक गुड्डू शर्मा निबास पर पहुँचे मंत्री महोदय

नगरीय प्रशासन मंत्री ओपीएस भदौरिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अम्बरीष शर्मा निबास पर पहुँचे वहां उनके पिता नरेश शर्मा से आसीर्बाद प्राप्त किया इस मौके पर उनके साथ प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक चौधरी प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

बरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश शुक्ला निबास ओर माननीय मंत्री जी का हुआ भव्य स्वागत

लहार क्षेत्र के बरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश शुक्ला ने माननीय मंत्री ओपीएस भदौरिया एवम अशोक चौधरी का उनके निबास पर उनके भतीजे वार्ड 1 से प्रवल दाबेदार आसीश उर्फ छोटू शुक्ला ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया ।

संजीव चौधरी,मुन्ना शुक्ला,नंदराम बघेल एवम संजीव नायक निबास पर पहुँचे माननीय मंत्री

नगरीय प्रशासन मंत्री ओपीएस भदौरिया स्थानीय भाजपा नेता संजीव चौधरी ठेकेदार,मुन्ना शुक्ला पूर्व सरपंच जमुहा,पूर्व मण्डल अध्यक्ष जिला मंत्री नंदराम बघेल निबास पर पहुँचे ओर सभी से आत्मीय भेंट कर हालचाल जाना इस मौके पर उनके साथ स्थानीय भाजपा नेता प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

# पर्यटन स्थल बनाने के लिए चंबल बीहड़ों का किया निरीक्षण



भिण्ड। चंबल की बीहड़ में प्राचीन स्थल में अटेर का किला, मंदिर, नदी में उछल कूंद करती डॉल्फिल, स्वतंत्र रूप से विचरण करते घड़ियाल और मगरमच्छ। यह सब एक साथ नजर आने पर पर्यटक को खूब भाएगा। यहां पर राजस्थान की तर्ज पर बीहड़ सफारी (चंबल सफारी) तैयार की जा सकती है। इसको लेकर मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड का एक दल भिंड आया। यह दल के सदस्यों ने अटेर व चंबल के किनारे की लोकेशन देखी। यहां आए दल के सदस्यों को अटेर का किला खूब भाया। इसके अलावा बीहड़ का शांत वातावरण, चंबल नदी के किनारे पर बालू का किनार और घड़ियाल व डॉल्फिन भी देखने के लिए पहुंचे। दल में पर्यटन बोर्ड के संयुक्त संचालक एसके श्रीवास्तव ने कहा कि देश में बीहड़ दर्शन को लेकर संभावनाएं खोजी जा रही है। पर्यटकों को बीहड़ को लेकर केबल संभावनाएं चंबल की बीहड़ में ही सबसे उत्तम है। इसके लिए अटेर सबसे बेहतर अब तक स्थान नजर आया। यह स्थान आगरा और ग्वालियर शहर के मध्य में है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव की रिपोर्ट विभाग के वरिष्ठ अफसरों को सौंपी जाएगी।

### बढ़ेगा रोजगार, जीवन स्तर में होगा सुधार

पर्यटन की संभावना को तलाशने आए दल के सदस्यों की बात को माने तो यहां पर्यटन विभाग द्वारा बीहड़ सफारी स्पॉट खुल सकेगा। जहां देश विदेश से मेहमान आएंगे। वे चंबल की छिपी हुई प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को देखेंगे। यहां रहने, ठहरने और खान पान, आवागमन आदि की सुविधाएं बढ़ेंगी। लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिसे चंबल के किनारे पर रहने वाले का जीवन स्तर सुधरेगा। यहां का स्वादिष्ट भोजन में दाल, टिक्कड़, छाछ, नीबू की शिकंजी, बेलुआ का शर्बत, दाल- बाटी, मिठाई में पेड़े, कुल्फी आदि का जायका देश-विदेश में पहचाना जा सकेगा। निरीक्षण दल में संयुक्त संचालक श्रीवास्तव के अलावा संयुक्त संचालक योजना प्रशांतइ बघेल, उप संचालक सीपी निगम, युवराज पड़ोले, रीजनल मैनेजर, एमएस राना, योजना इंजीनियर अभिषेक ठाकुर, कार्यपालन यंत्री महेंद्र डंडौतिया, तहसीलदार मनोज कुमार, जिला पुरातत्व अधिकारी वीरेंद्र कुमार पांडेय, डॉ मनोज जैन, प्रबल श्रीवास्तव, अशोक तोमर मौजूद रहे।

### यहां प्रवासी पक्षियों को नजर भी दिखता

पर्यटन विभाग के दल के सदस्यों ने बताया कि हाल में श्योपुर और मुरैना जिले का भी निरीक्षण किया था। लेकिन पर्यटकों के लिहाज से सबसे बेहतर अटेर को पाया है। संयुक्त संचालक श्रीवास्तव के अनुसार अटेर में पर्यटक ऐतिहासिक किला देख पाएंगे। राष्ट्रीय घड़ियाल सेंचुरी, मगरमच्छ, डॉल्फिन व प्रवासी पक्षियों की अटखेलियों के नजर देख पाएंगे। यहां ऊंट की सवारी से बीहड़ का दर्शन लोगों को लुभाएगा। इसके लिए टूरिस्ट पैकेज तैयार किया जा सकेगा।

### डकैतों की जीवन शैली को भी जानेंगे पर्यटक

यह टीम के सदस्यों ने कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस से मुलाकात की। यहां बीहड़ में कई पुराने मंदिर है। इसके अलावा बीहड़ में दुर्दांत डकैतों की जीवन शैली के बारे में जाना और पुलिस लाइन स्थित डकैतों के खात्मे की स्टोरी बताते हुए संग्रहालय को देखा। अटेर आने वाले पर्यटकों को भी डकैतों(बागियों) की कहानियां प्रदर्शित की जाएगी। ताकि लोग जान सकें कि यह क्यों डकैत व बागी बने। उनका खात्मा किस तरह हुआ। यह भी जान सकेंगे।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव की पुण्यतिथि

### मप्र सहकारिता के जनक थे स्व. यादवः बघेल



भिण्ड। पूर्व मंत्री स्व. सुभाष यादव मप्र के किसान नेता होने के साथ साथ मप्र में सहकारिता के जनक थे ये उदगार कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयश्रीराम बघेल ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुभाष यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर भूता कोठी पर आयोजित संघोष्ठी में मुख्यातिथि के रूप में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष संजय भूता और संचालन जिला प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने किया जबकिं आभार शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा ने किया। श्री बघेल ने कहा उन्होंने अपने जीवन काल में हमेशा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष किया। वरिष्ठ नेता रामप्रकाश यादव ने स्व. श्री यादव को याद करते हुए कहा किसानों के जीवन के स्तर को उच्च बनाने के लिए मप्र में सहकारिता प्रणाली को उन्नत बनाकर किसान हितैषी कार्य किया। जिला उपाध्यक्ष मनोज दैपुरिया ने कहा स्व. यादव जी की सरलता ने ही उन्हें एक किसान से श्रेष्ठ स्थान पर पहुंचाया। कार्यक्रम को सेवादल अध्यक्ष मिश्रा, यादव, रहीश खान, रेखा भादौरिया, चंद्रपाल सिंह परिहार, दुष्यंत सिंघई, अशोक गुप्ता, राहुल राजावत, राजमणि शर्मा आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अरविंद सोनी, संदीप शाक्य,विक्रम सिंह, नीलम भादौरिया, वीरप्रकाश श्रीवास्तव, ब्रजेश जैन, सतेंद्र सिंह भादौरिया, ब्रजेन्द्र बघेल, राम नरेश सिंह, आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एंबुलेंस के चालक ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

भिण्ड। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के एनएच-92 हाइवे रोड बिरखड़ी सौंधा रोड पुलिया के पास एक युवक बाइक से अपनी भाभी को लेकर गुजर रहा था, इसी दौरान एक एंबुलेंस के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम 7 बजे राधेश्याम पुत्र भगवानलाल शर्मा निवासी पनुआ जो भाभी प्रियंसी को लेकर बाइक से क्षेत्र के एनएच-92 हाइवे रोड बिरखड़ी सौंधा रोड पुलिया के पास एक एंबुलेंस के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे दोनो घायल हो गये। राहगीरों ने हादसे की सूचना तुरंत पुलिस को दी तो मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# वायु सैनिक स्व. आलोक शर्मा की बेटी को केन्द्रीय विद्यालय में दिलाएंगे प्रवेशः चौ. मुकेश सिंह

### शहीद पार्क बड़ेरी में लगवाया जाएगा हैंडपंपः संध्या राय





भिण्ड। भारतीय वायु सेना में सेवा के दौरान जिले के पत्रकार रामशंकर शर्मा के पुत्र आलोक शर्मा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने आई प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सांसद संध्या राय ने शहीद पार्क बड़ेरी में हैंडपंप लगवाने तथा मेहगांव के पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह ने आलोक शर्मा की बेटी को केन्द्रीय विद्यालय ग्वालियर में प्रवेश दिलाने का वादा किया। शहर के आर्य नगर स्थित पत्रकार रामशंकर शर्मा के निवास पर एयर फोर्स में एलएसी के पद पर कार्यरत उनके पुत्र आलोक शर्मा उम्र 31 वर्ष का गत 21 मई को सेवा के दौरान आसाम प्रदेश में निधन हो जाने पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने अनेक जनप्रतिनिधिए समाजसेवीए विभिन्न राजनैतिक दलों के नेतागण अभी भी पहुंच रहे हैं। विगत दिवस भिण्ड.दतिया सांसद संध्या राय स्व.आलोक को श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंची। उन्होंने आलोक शर्मा के निधन को अपूर्णनीय क्षति बताया। श्रीमती राय ने आर्मी में लांस नायक के पद पर रहते जम्मू कश्मीर में आतंकवादी मुठभेड़ में शहीद हुए आलोक के बड़े भाई अनूप शर्मा शौर्य चक्र को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में फूप्र कस्बे के निकट बड़ेरी गांव में निर्माणाधीन पार्क में पेड़-पौधों की सिंचाई आदि हेतु जल्द ही हैण्डपंप का खनन कराया जाएगा।

उधर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मेहगांव के पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह ने आर्य नगर पहुंचकर वायु सैनिक आलोक शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनकी पांच वर्षीय बेटी काव्या से भी मुलाकात की। काव्या से प्रभावित होकर मुकेश चौधरी ने उसकी पढ़ाई के लिए केन्द्रीय विद्यालय ग्वालियर में प्रवेश दिलाने का वादा करते हुए यह जिम्मेदारी अपने ऊपर ली। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष काव्या ग्वालियर के केन्द्रीय विद्यालय में अध्ययन करेगी। श्री चौधरी ने दिवंगत आलोक शर्मा के पिता रामशंकर शर्मा को सांत्वना देते हुए कहा कि यह उनके लिए व्यक्तिगत बड़ी क्षति है लेकिन देश पर अपने दो बेटों को न्योछावर करना बहुत बड़ा बलिदान है। यह सदा याद रखा जाएगा। साल 2010 में पत्रकार रामशंकर शर्मा के बड़े बेटे अनूप शर्मा भारतीय थल सेना में लांस नायक के पद पर रहते हुए जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान चार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारने के बाद वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा मरणोपरांत शौर्यचक्र से नवाजा गया था।

# डंपर ने खड़ी बस में मारी टक्कर

भिण्ड। बरोही थाना क्षेत्र के पिडोरा रोड से पहले भिण्ड-ग्वालियर रोड पर एक डंपर चालक ने लापरवाही से चलाते हुए सड़क के किनारे खड़ी बस में टक्कर मार दी जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विवेक श्रीवास्तव पुत्र वेद प्रकाश श्रीवास्तव निवासी लुहारपुरा ने बताया उसकी शुक्रवार दोपहर 2 बजे उसकी बस क्रमांक एमपी06पी0961 में लापरवाही से चलाते हुए पिडोरा रोड से पहले भिण्ड-ग्वालियर रोड पर अज्ञात डंपर क्रमांक आरजे11जीबी6289 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई और लगभग 2 हजार रुपये का नुकसान हुआ। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# सरकारी कार्यक्रम में मंत्री के भतीजे ने किया उद्घाटन

### कांग्रेस ने लगाया आरोप भाजपा में चलने लगा परिवारवाद




भिण्ड। परिवारवाद को लेकर के कांग्रेस पर लगातार निचले पायदान से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक पर हमलावर रहने वाली भारतीय जनता पार्टी अब हाशिए पर आ गई है, बीजेपी के मंत्री अब परिवारवाद में कांग्रेस से भी आगे दिखाई दे रहे हैं,भिंड जिले में कांग्रेस से भाजपा में आकर मंत्री बने ओपीएस भदौरिया का परिवार बाद का मामला सामने आया है, मंत्री जी के पास लोगों के पास तक जाने का टाइम ही नहीं है, ऐसे में मंत्री जी ने अपने भतीजे को प्रमोट कर अपनी जगह सरकारी कार्यक्रमों तक में भतीजे को पहुंचा रहे है।

### सरकारी कार्यक्रमों में मंत्री की जगह दिख रहे हैं मंत्री के भतीजे,

सरकारी कार्यक्रम में जाने का मामला भिंड जिले के कृपे का पुरा में देखने को मिला है,जहां केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा बड़े स्तर पर चलाए गए 21 जून को महा वैक्सीनेशन अभियान के दिन सरकारी कार्यक्रम में मंत्री जी के भतीजे भारत सिंह भदौरिया उर्फ रिंकू ने कृपे का पूरा गांव में पहुंचकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और फूल माला डलवाई,सबसे बड़ी बात यह थी की उद्घाटन के अवसर पर लगवाए गए बैनर में मंत्रि ओपीएस भदोरिया मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे तो वही मंत्री के भदौरिया के भतीजे भारत सिंह भदौरिया उर्फ रिंकू विशिष्ट अतिथि के रूप में बैनर पर आमंत्रित दिखाई गये गए थे कार्यक्रम में मंत्री तो नहीं पहुंचे उनके भतीजे ने पहुंचकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और माला डलवा कर फोटो खिंचवाया।

### बैनर में लिखी एक लाइन पर लोग ले रहे हैं चुटकी

फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और उस में लिखी गई एक लाइन पर लोग चुटकी ले रहे हैं कार्यक्रम मैं लगाये गई बैनर पर लिखा है भतीजे राज्यमंत्री भारत सिंह भदोरिया उर्फ रिंकू विशिष्ट अतिथि। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर मैं लिखें शब्द भतीजे राज्यमंत्री पर लोग खूब चुटकी ले रहे।

# जिला न्यायालय, भिण्ड में 74 यूनिट रक्तदान हुआ




भिण्ड । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर अध्यक्ष /प्रधान जिला न्यायाधीश भिण्ड गजेन्द्र सिंह एवं समस्त सहयोगियों के प्रोत्सहान पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समन्वय से जिले में रक्तदान के द्वारा समाज के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना के साथ किये गये। रक्तदान में 74 युनिट रक्त का दान न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, न्यायालयीन कर्मचारीगण, स्वयंसेवी संस्थाओं व विशेष सशस्त्र वल की 17वीं वाहिनी के द्वारा किया गया।

उपरोक्त रिकार्ड रक्तदान किये जाने में जहां नवजीवन सहायतार्थ संगठन भिण्ड एवं संजीवनी संगठन के सदस्यों श्रीमती नितेश जैन, बबलू सिंधी, श्रीमती रश्मि भदौरिया अधिवक्ता का प्रमुखतः सहयोग रहा, बढ़चढ़कर रक्तदान करने बालों में न्यायाधीश समरेश सिंह, सुनील दण्डौतिया, सय्यद दानिश अली द्वारा रक्तदान किया गया। वहीं गुना के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कौशलेन्द्र सिंह पितृत्व अवकाश पर होने के उपरांत भी रक्तदान करने हेतु उपस्थित रहे, इसके अतिरिक्त जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रज्जन सिंह भदौरिया अधिवक्ता, एडीपीओ इन्द्रेश प्रधान, कर्मचारियों एवं महिलाओं द्वारा बढ़चढ़कर रक्तदान किया गया। समस्त रक्तदाताओं को इस पुनीत कार्य के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड आभार व्यक्त करता है।

# धर्मकांटों के पास लगे दो दर्जन से अधिक रेत डंप

## प्रशासन ने कराये नष्ट





### एनएच-92 हाइवे इटावा रोड पर माफियाओं ने कर रखे थे डंप, कार्रवाई के दौरान एसडीएम, खनिज अधिकारी सहित पुलिस बल रहा तैनात

भिण्ड। जिले में रेत माफियाओं के हौंसले इतने बुलंद है कि इनके मन में पुलिस, प्रशासन व खनिज विभाग का कोई डर नहीं है। वे नदियों से रेत को लाकर खुले मैदान में डंप करते है। फिर इस रेत को अवैधानिक तरीके से बेचते है। यह खेल सालों से चला आ रहा है। लंबे समय बाद ऐसे रेत माफिया के खिलाफ प्रशासन ने कमर कसी। शनिवार को प्रशासनिक अफसर दल बल के साथ मैदान में उतरा और रेत के डंपिंग प्वाइंट को नष्ट कराने की कार्रवाई की। चंबल पुल के बरही गांव से लेकर भिंड शहर तक करीब 22 डंपिंग प्वाइंट है। यहां कई ट्रक रेत को डंप किया गया। यह रेत को माफिया नदी से अवैधानिक तौर पर लाकर एकत्रित करते है। इस तरह से चोरी-छिपे यह रेत भिंड शहर से इटावा, उत्तर प्रदेश की सीमा में बेची जा रही है। यह रेत का काला कारोबार लंबे समय से चला आ रहा है। शनिवार की सुबह करीब दस बजे प्रशासनिक अफसर, पुलिस बल और खनिज विभाग के अधिकारी सबसे पहले बरही पहुंचे। यह कार्रवाई चंबल पुल से शुरू की गई। बरह गांव के पास ही करीब आधा दर्जन रेत डंपिंग प्वाइंट अफसरों को मिले। इस रेत को अफसरों ने नष्ट कराते हुए मिट्टी में मिलवाया।

एनएच-92 हाइवे इटावा रोड पर संचालित हो रहे धर्मकांटों के आसपास रेत के ढ़ेर लगे हुए थे, जब प्रशासनिक अमला कार्रवाई करने पहुंचा तो यह रेत को लेकर कोई दावेदार सामने नहीं आया है तो प्रशासन ने इस रेत को अवैध मानकर नष्ट करा दिया गया। दो दर्जन से अधिक जगह लगे अवैध रेत के डंप को नष्ट कर कार्रवाई को अंजाम दिया और रेत माफिया किसी तरह की हस्तक्षेप करने के लिए आगे नहीं आये।

### इनका कहना है

मुझे सूचना मिली रही थी कि धर्मकांटो के आसपास अवैध तरीके से रेत के डंप किया गया है इसलिए कार्रवाई की गई।

**-आरएस भदकारिया**
**जिला खनिज अधिकारी भिण्ड**

# एलिवेटेड कोरीडोर में आने वाली बाधाओं को दूर कर कार्य में तेजी लाएँ: ऊर्जा मंत्री तोमर

### शहर विकास कार्यों को लेकर मोतीमहल में हुई बैठक



**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज लक्ष्मीबाई प्रतिमा से ट्रिपल आईटीएम तक बनाई जा रही एलिवेटेड रोड का प्रजेंटेशन देखा। उन्होंने एलिवेटेड रोड में बन रहे लूप पॉइंट की जानकारी ली तथा एलिवेटेड कोरीडोर में आने वाली बाधाओं का शीघ्र निराकरण कर, कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने कहा कि एलिवेटेड रोड के लूप पॉइंट सिविल अस्पताल हजीरा पर स्वर्ण रेखा नाले को पाटकर पार्किंग स्थल व हाथ ठेला की व्यवस्था की जाये तो हजीरा से किलागेट तक लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी। संभागीय आयुक्त कार्यालय मोतीमहल में आयोजित बैठक मे संभागीय आयुक्त आशीष सक्सैना, प्रभारी कलेक्टर व नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, जिला पंचायत सीईओ किशोर कान्याल, मुख्य अभियंता सेतु निगम संजय खांडे एवं एडिशनल एसपी पंकज पाण्डे तथा नगर निगम व विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। शहर से बाहर जाने वाले यातायात को डायवर्ट करने के लिए लक्ष्मीबाई प्रतिमा से ट्रिपल आईटीएम तक लोकनिर्माण विभाग द्वारा 6 किमी का एलिवेटेड रोड 447 करोड़ की लागत से बनाया जायेगा। जिस पर दो जगह हजीरा सिविल अस्पताल व रानीपुरा पर लूप पॉइंट बनाये जा रहे हैं। जहां से शहर के नागरिक एलिवेटेड रोड पर आवागमन के लिए चढ़ व उतर सकेगें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि नगर निगम के सहयोग से सिविल अस्पताल हजीरा पर स्वर्ण रेखा नाले को पाटकर सौंदर्यीकरण करें तथा एक नया चैराहा बनाया जाये। इसके साथ ही रोड पर लगने वाले ठेलों को वहाँ पर शिफ्ट किया जाये। उन्होने कहा कि एलिवेटेड रोड के पिलर बनाते समय सीवर चैम्बरों का विशेष ध्यान रखा जाये, साथ ही विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य भी समय पर कर लिया जाये।

उन्होने कहा कि शहर को साफ स्वच्छ रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलायें। उन्होने कहा कि शहर में जगह-जगह कचरे के ठिया बने हुए हैं उनको समाप्त कर सौंदर्यीकरण करें। साथ ही प्रतिदिन सुबह-शाम कचरा ठियों से कचरा साफ किया जाये। सडक पर कचरा फेकने वालों पर चालानी कार्यवाही हो। उन्होंने निर्देश दिए कि वार्ड-6 व अन्य क्षेत्रों के पानी की समस्या का स्थाई निराकण किया जाये, टंकियो को पूरा भरकर क्षेत्र में नियमित समय पर पेयजल की सप्लाई की जाये। श्री तोमर ने कहा अमृत योजना के तहत डाली जा रही पानी की लाइनों का मिलान जहां जहां रह गया है, उसको शीघ्र डीएमए मिलान कर चालू कराएं। साथ ही एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें, जो प्रतिदिन पेयजल व स्वच्छता से संबंधित समस्याओं का निराकरण करे। उन्होने कहा कि ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में भी एक ग्वाला नगर बसाया जाये। इसके लिए जगह चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करें। निर्माणाधीन ग्वाला नगर है उनके कार्य में तेजी लाकर गौवंश को वहां शिफ्ट करने की कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि शहर में स्मार्ट सिटी के द्वारा स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं, परंतु उनका रख-रखाव ठीक से नहीं किया जा रहा है इसके लिए विद्युत विभाग और

# तमंचे की नोक पर 14 साल की किशोर से कुकृत्य

**ग्वालियर।** शहर के मुरार में 8वीं के छात्र पर कट्टा तानकर दुष्कृत्य करने की घटना सामने आई है। छात्र को आरोपी यह कहकर ले गया था कि उसका दोस्त उसे बुला रहा है। जब छात्र कमरे में पहुंचा तो युवक ने कट्टा सीने पर अड़ा दिया। इसके बाद उसके साथ घिनौनी हरकत की। घटना शुक्रवार शाम त्यागी नगर मुरार की है। शनिवार सुबह परिजन थाने पहुंचे हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कृत्य की धारा में मामला दर्ज किया है। आरोपी फिलहाल फरार है। घटना से मासूम छात्र घबराया हुआ है। उपनगर मुरार के त्यागी नगर में रहने वाला 14 वर्षीय राज (बदला हुआ नाम) छात्र है। शुक्रवार शाम वह अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। तभी पास ही रहने वाला पवन यादव वहां पर आया और छात्र को बताया कि उसका एक दोस्त उसे बुला रहा है। इसके बाद वह उसे कुछ दूरी पर एक कमरे में ले गया और दरवाजा बंद कर लिया। जब छात्र ने दोस्त के बारे में पूछा तो पवन ने कट्टा उसके सीने पर लगा दिया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसके कपड़े उतारकर घिनौनी हरकत की।

### मौका मिलते ही भागा छात्र

वारदात के बाद आरोपी बाथरूम के लिए गया तो छात्र मौका पाकर वहां से भाग आया। छात्र वहां से घर पहुंचा और डर कर किसी को भी घटना की जानकारी नहीं दी। इसके बाद उसने कमरे में खुद को बंद कर लिया और सभी से बात करना बंद कर दी। छात्र के व्यवहार में आए परिवर्तन को देखकर परिजन ने उससे बातचीत की तो घटना का पता लगा। जानकारी मिलते ही परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी फरार है।

# 35 लाख की स्मैक सहित तस्कर चुहिया गिरफ्तार



**ग्वालियर।** ग्वालियर में 35 लाख रुपए की स्मैक के साथ तस्कर चुहिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को शनिवार सुबह रामदास घाटी चेकिंग के दौरान पकड़ा। तस्कर से इंदरगंज थाना पुलिस ने पूछताछ कर रही है। उसने भिंड बस स्टैंड के पीछे स्मैक तस्कर से यह माल बेचने के लिए लाना कुबूल किया है। उसने यह भी बताया, उसके टारगेट युवा होते थे। चुहिया पेशेवर शराब तस्कर था, लेकिन स्मैक में ज्यादा मुनाफे के लालच में तस्करी करने लगा। इंदरगंज थाना पुलिस रामदास घाटी पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वहां तेज रफ्तार कार आती दिखाई दी। उसे पुलिस जवान नीरज यादव व मुकेश शर्मा ने रोका। इसके बाद कार चालक उनसे विवाद करने लगा। दल के प्रभारी उपनिरीक्षक अवधेश सिंह कुशवाह ने कार को जब्त करने के लिए कहा। यह सुनते ही वह कार लेकर भागने लगा, तो पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा और तलाशी ली। गाड़ी में करीब 200 ग्राम स्मैक सीट के नीचे मिली। इसकी कीमत बाजार में करीब 35 लाख रुपए बताई जा रही है। पकड़े गए स्मैक तस्कर की पहचान तारागंज निवासी दीपक उर्फ चुहिया के रूप में हुई है।

### भिंड से आ रही है शहर में स्मैक

पुलिस ने पूछताछ की, तो आरोपी ने बताया कि वह स्मैक की खेप भिण्ड बस स्टैण्ड के पीछे रहने वाले नवीन नाम के युवक से लेकर आता था। जनकगंज इलाके में स्मैक की सप्लाई करता था। पहले वह शराब की सप्लाई करता था, लेकिन ज्यादा मुनाफे के लालच में कुछ समय से स्मैक की तस्करी करने लगा था।

### साहब, पहली बार कार से लाया हूं

पुलिस पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ने बताया कि इससे पहले वह बस से स्मैक की खेप लेकर आता था। इस बार समय बचाने के लिए वह कार ले गया था। नशे में पुलिसकर्मियों से उलझ गया और पकड़ा गया।

### युवा रहते थे टारगेट

स्मैक तस्कर ने पुलिस को बताया कि आजकल युवा स्मैक का नशा करने लगे हैं। अच्छे घर के लड़के और यंग जनरेशन को स्मैक बेचने में मुनाफा अच्छा हो जाता है। यही कारण है, उसने शराब तस्करी छोड़कर स्मैक तस्करी शुरू कर दी।

# सड़क पर दौड़ते कंटेनर से 2.25 लाख के पार्सल चोरी



**ग्वालियर।** ग्वालियर में हाइवे से ई-कॉम एक्सप्रेस कंपनी के 107 पैकेट अनोखे अंदाज में चोरी हो गए हैं। मोहना और गुना के बीच सड़क पर दौड़ते कंटेनर से 792 पैकेट में से 107 पार्सल चोरी हो गए। इतनी बड़ी चोरी हो गई और चालक को पता तक नहीं चला। घटना गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात आगरा-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग की है। चालक ने मोहना में खाना खाने के लिए रूकने की बात कही है। शुक्रवार रात ग्वालियर के मोहना थाने में चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस का यही मानना है कि यह चोरी मोहना पर चालक के रूकने के दौरान हुई है। चोरी गए सामान की कीमत 2.25 लाख रुपए हैं। इन पैकेट्स में LED TV से लेकर कपड़े व मैकअप किट तक शामिल है। राजगढ़ निवासी महेश बैरागी पुत्र हनुमान दास बैरागी कंटेनर (बड़ा ट्रक) चालक है। दो दिन पहले वह ग्वालियर से ई-कॉम एक्सप्रेस कोरियर सर्विस से पार्सल के 792 पैकेट्स भरकर इंदौर के लिए निकला था। जिसमें इलेक्ट्रोनिक्स सामान, स्मार्ट वॉच, कपड़े और मैकअप किट थे। चालक कंटेनर लेकर जब मोहना हाइवे पर पहुंचा तो खाना खाने के लिए एक ढाबे पर रूक गया। खाना खाने के बाद वह एक घंटे आराम करने के लिए ढाबे पर ही सो गया। इसके बाद वह उठा और कंटेनर चेक करने के बाद आगे के लिए रवाना हो गया। जब वह गुना हाइवे पर चाय पीने के लिए रूका तो उसने गाड़ी चेक की।











### सरकारी जमीन को प्लॉट बताकर डॉक्टर को चार लाख मे बेचा

**ग्वालियर।** सिटी सेंटर क्षेत्र में दो ठगों ने एक डॉक्टर को सरकारी जमीन को प्लॉट बताकर चार लाख की चपत लगा दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार उदाजी की पायगा निवासी रजनी त्रिवेदी पत्नी देवेश त्रिवेदी तथा हेमा त्रिवेदी पत्नी डॉक्टर मनीष त्रिवेदी ने वर्ष 2004 में गोरी शंकर गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा से एक प्लाट दिलाने की बातचीत हुई तो उनहोंने उन्हें सिटी सेंटर में एक प्लाट दिखाया। जिसका मालिक अतर सिंह निवासी सिथौली को बताया। बातचीत के बाद लगभग चार लाख रुपए उन्होंने सोमदत्त व अतर सिंह को दिए। जब वह प्लॉट पर कब्जा लेने आए तो पता चला कि जमीन सरकारी है। जब उन्होंने इसके बारे में अतर सिंह और सोमदत से बात की तो उन्होंने बताया कि जमीन का प्रकरण न्यायालय में है और जल्द निपट जाएगा। काफी इंतजार करने के बाद भी जब प्लॉट नहीं मिला तो उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो वह निर्माण समिति के अध्यक्ष टालमटोल करने लगे। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ का मामला दर्ज कर लिया है।

# मनचले की सड़क पर धुनाई: ग्वालियर में फोन पर महिला को कर रहा था परेशान



**ग्वालियर।** ग्वालियर में शनिवार शाम एक मनचले को लोगों ने सड़क पर पीट दिया। वह एक महिला को कई दिनों ने मोबाइल पर कॉल कर परेशान कर रहा था। महिला के बच्चों ने उसे समझाया भी था। युवक बार-बार मिलने के लिए बुला रहा था। शनिवार शाम महिला प्लानिंग के तहत मिलने के लिए तैयार हो गई। युवक सज-धजकर पहुंच गया। वहां महिला नहीं, उसके बेटे और दोस्त खड़े थे। लोगों ने सड़क पर ही सिरफिरे की धुनाई लगाई। लात-घूंसों से पीटा। राहगीर भी पीटने में शामिल हो गए। पिटने वाला युवक सड़क पर चिल्लाने लगा। हंगामा होते देख भीड़ लग गई। पड़ाव थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस युवक को थाने ले गई है।

ग्वालियर में रहने वाली एक विवाहित महिला को पिछले कुछ दिन से एक युवक फोन कर परेशान कर रहा था। महिला ने कई बार उसे समझाया कि वह गलत जगह फोन कर रहा है। तेरे बराबर मेरे बच्चे हैं। कॉल करने वाला लगातार मिलने के लिए परेशान कर रहा था। कहता था, मुझसे मिलकर देखो। महिला ने इसका जिक्र बच्चों से भी किया, पर मनचला नहीं माना। आखिरकार, महिला के बच्चों व दोस्तों ने उसे सबक सिखाने की ठान ली। शनिवार शाम मनचले ने फूलबाग के पीछे जलविहार में जयविलास पैलेस के सामने महिला को बुलाया। महिला के परिजन वहां पहले से ही पहुंच गए। वहां नीले सूट में युवक खड़ा था। जिस नंबर से मनचला कॉल करता था, उस नंबर पर कॉल किया, तो उस युवक का फोन बजा। जैसे ही, घंटी बजी कन्फर्म हो गया कि यह वही है। इसके बाद तो सड़क पर ही उसकी पिटाई शुरू कर दी।

### पिटते हुए भी नौटंकी करता रहा युवक

जब सड़क पर मनचले को लोग पीट रहे थे, तो वह जोर-जोर से चिल्ला रहा था। जिससे वहां भीड़ जमा हो गई। लोग वीडियो बनाने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही मारपीट कर रहे लोग भाग गए। युवक को पुलिस थाना ले गई। युवक की पहचान डबरा निवासी 27 वर्षीय जस्सू के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। युवक फोन करने से मना कर रहा है।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478